
दैनिक लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी

बैड हैबिट्स और लापरवाही से बढ़ सकता है कैंसर का रिस्क .......



संगम नगरी प्रयागराज में आपको मंत्रमुग्ध कर ....


वर्ष : 10 अंक : 54 लखनऊ, 02 फरवरी, शुक्रवार 2024 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए


**मौसम**

अधिकतम तापमान 17.c

न्यूनतम तापमान 8.c

**बाजार**

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

सेंसेक्स 71,657.71

निफ्टी 21,618.70

# निर्मला सीतारमण ने पेश किया अंतरिम बजट

## जय श्रीराम और जय सियाराम के नारे भी लगे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली,** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज अंतरिम बजट पेश किया। यह मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम बजट है।6 बार बजट पेश करने के मामले में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई की बराबरी कर ली। उन्होंने भी छह बार बजट पेश किया था। सदन के कार्यवाही शुरू होते ही निर्मला सीतारमण ने बजट पढ़ना शुरू किया।इसके बाद आखिर में वित्त मंत्री ने बजट को सदन के पटल पर रखा और कार्यवाही को स्थगित कर दिया गया।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जब बजट पेश कर रही थीं, उस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित सभी केंद्रीय मंत्री उपस्थित रहे। आपको बता दें कि इस साल आम चुनाव होने हैं। आम चुनाव के बाद पूर्ण बजट पेश किया जाएगा।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को संसद में अपना लगातार छठा बजट पेश किया और 56 मिनट में अपना बजट भाषण समाप्त किया जो उनका अब तक का सबसे छोटा बजट भाषण है। फिरोजी रंग की कढ़ाई वाली कांथा सिल्क की साड़ी पहनकर संसद पहुंचीं सीतारमण के भाषण के दौरान लोकसभा में सत्ता पक्ष के सदस्य उनकी घोषणाओं और टिप्पणियों पर बीच-बीच में मेजें थपथपाते देखे गए। जब उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जुलाई में पूर्ण बजट पेश करेगी तो सत्ता पक्ष के सदस्यों ने सबसे ज्यादा देर तक मेजें थपथपाईं। विपक्षी सदस्यों ने भी वित्त मंत्री का बजट भाषण पूरे ध्यान से सुना। हालांकि लोकसभा चुनाव के बाद उनकी सरकार के सत्ता में लौटने संबंधी कथन पर विपक्ष की ओर से कुछ विरोध के स्वर सुनाई दिए।

इससे पहले आज पूर्वाह्न 11 बजे बजट भाषण शुरू होने से पहले जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा कक्ष में पहुंचे तो भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) के सदस्यों ने भारत माता की जय , जय श्रीराम और जय सियाराम के नारे लगाए। सीतारमण का 56 मिनट का आज का बजट भाषण उनका अब तक का सबसे छोटा बजट भाषण है। सदन में सबसे लंबा बजट भाषण देने का श्रेय भी सीतारमण को जाता है जब उन्होंने साल 2020 में दो घंटे 40 मिनट तक भाषण पढ़ा था। भारत की पहली पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री के रूप में 2019 में सीतारमण का बजट भाषण दो घंटे 17 मिनट तक चला था। साल 2021 में उन्होंने एक घंटा 50 मिनट तक बजट भाषण दिया। 2022 में उनका यह भाषण 92 मिनट का और 2023 में 87 मिनट का रहा। सीतारमण के आज के बजट भाषण में पहले की तरह तमिल कवियों और विचारकों के उद्धरण नहीं थे। हालांकि उन्होंने कम से कम आठ बार प्रधानमंत्री मोदी का उल्लेख किया और उनके भाषणों के अंश पढ़े।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि 40,000 सामान्य रेल डिब्बों को ह्लवंदे भारतह्व मानकों के अनुरूप बदला जाएगा और तीन प्रमुख आर्थिक रेल गलियारा कार्यक्रम क्रियान्वित किए जाएंगे। वित्त मंत्री ने लोकसभा में 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि तीन प्रमुख आर्थिक रेल गलियारा कार्यक्रम क्रियान्वित किए जाएंगे जिसके परिणामस्वरूप, अधिक यातायात वाले गलियारों में भीड़ कम होने से यात्री ट्रेनों के परिचालन में सुधार लाने में भी मदद मिलेगी और यात्री सुरक्षा एवं यात्रा की रफ्तार बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि समर्पित मालभाड़ा गलियारों के साथ-साथ तीन आर्थिक गलियारा कार्यक्रमों से जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) की विकास दर बढ़ेगी

## बजट में युवा भारत की आकांक्षाओं की झलक, विकसित राष्ट्र बनाने की गारंटी : पीएम मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली,** अंतरिम बजट समावेशी और नवोन्वेषी बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इसमें निरंतरता का भरोसा है। यह विकसित भारत के सभी 4 स्तंभों- युवा, गरीब, महिला और किसान को सशक्त बनाएगा। यह बजट 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की गारंटी देता है। उन्होंने कहा कि इस बजट में युवा भारत की युवा आकांक्षाओं की झलक है। बजट में दो अहम फैसले किये गये। रिसर्च और इनोवेशन के लिए 1 लाख करोड़ रुपये के फंड का ऐलान किया गया है।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस बजट में राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में रखते हुए पूंजीगत व्यय को 11,11,111 करोड़ रुपये की ऐतिहासिक ऊंचाई दी गई है। उन्होंने कहा कि अर्थशास्त्रियों की भाषा में कहें तो एक तरह से यह 'स्वीट स्पॉट' है। इससे भारत का 21वीं सदी का आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार होने के साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के असंख्य नए अवसर तैयार होंगे। उन्होंने कहा कि यह बजट गरीबों और मध्यम वर्ग के सशक्तिकरण और उनके लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करने पर जोर देता है। गरीबों के लिए 2 करोड़ और घर बनाने का ऐलान किया गया है. हमारा लक्ष्य अब 3 करोड़ 'लखपति दीदी' बनाने का है। आशा और आगनबाड़ी कार्यकताओं को भी आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिलेगा।

मोदी ने कहा कि आयकर छूट योजना से मध्यम वर्ग के 1 करोड़ लोगों को राहत मिलेगी। इस बजट में किसानों के लिए अहम फैसले लिए गए हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि केंद्रीय बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण को प्राप्त करने का रोडमैप तैयार करता है। उन्होंने कहा कि बजट भाषण अमृत काल के दौरान भारत को हर क्षेत्र में अग्रणी राष्ट्र बनाने की अपनी यात्रा में मोदी सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षों में हासिल किए गए मील के पत्थर पर प्रकाश डालता है।

## संक्षिप्त समाचार

### भूस्खलन के कारण जम्मू-कश्मीर राजमार्ग यातायात के लिए बंद, 200 से अधिक वाहन फंसे

जम्मू। रामबन जिले में भूस्खलन के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग बृहस्पतिवार को यातायात के लिए बंद कर दिया गया जिससे 200 से अधिक वाहन फंसे हुए हैं। राजमार्ग पर भी कई स्थानों पर फिर से बर्फबारी हुई। अधिकारियों ने बताया कि भूस्खलन जिले के शेरबीबी इलाके में हुआ जहां भारी बारिश भी हुई। यातायात पुलिस ने एक्स पर पोस्ट किया, ह्यह्यजम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर शेरबीबी के पास सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है और यातायात बहाली का काम शुरू होने वाला है। राजमार्ग के विभिन्न बिंदुओं पर 200 से अधिक वाहन फंसे हुए हैं। 270 किलोमीटर लंबा राजमार्ग कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से हर मौसम में जोड़ने वाली एकमात्र सड़क है। उन्होंने कहा कि यातायात के लिए राजमार्ग को फिर से खोलने का काम जारी है लेकिन रामबन-बनिहाल सेक्टर में लगातार बारिश के कारण इस कार्य में बाधा आ रही है। यातायात पुलिस ने लोगों को मौसम में सुधार होने और सड़क साफ होने तक राजमार्ग पर यात्रा करने से बचने की सलाह दी है।

### नक्सली नेता देवा पर सुकमा में सुरक्षाबलों पर हमले का नेतृत्व करने का संदेह : पुलिस

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में मंगलवार को सुरक्षा कर्मियों पर हमला करने वाले समूह का नेतृत्व संभवतः नक्सली नेता देवा कर रहा था जिसे हाल में नक्सलियों की बटालियन नंबर 1 का कमांडर बनाया गया था। पुलिस ने यह जानकारी दी। छत्तीसगढ़ के बीजापुर और सुकमा जिलों की सीमा पर मंगलवार को नक्सलियों के साथ मुठभेड़ के दौरान दो कोबरा कमांडो समेत केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कम से कम तीन जवान शहीद हो गए और 15 अन्य घायल हो गए थे।

## ग्रेनो प्राधिकरण ने 44 औद्योगिक भूखंडों के आवंटन की योजना की शुरूआत की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नोएडा, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 44 औद्योगिक भूखंडों के आवंटन की योजना की शुरूआत की, जिससे प्राधिकरण को प्लॉट के एवज में रिजर्व प्राइस से करीब पांच हजार करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इन औद्योगिक भूखंडों का आवंटन साक्षात्कार के जरिए हो रहा है। इसके अलावा इस योजना से 10 हजार युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर मिलने का अनुमान है। इस योजना की शुरूआत 30 जनवरी को हुई, जिसके साथ ही इसका ब्रोशर भी ऑनलाइन उपलब्ध हो गया। अधिकारी ने बताया कि योजना के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 19 फरवरी है। पंजीकरण शुल्क, ईएमडी ( अर्नेस्ट मनी डिपोजिट ) और प्रोसेसिंग फीस भी 19 फरवरी तक ही जमा की जा सकती है। उन्होंने बताया कि आवंटन के पश्चात इन भूखंडों पर एक माह में ही कब्जा मिल जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एन.जी. रवि कुमार का कहना है कि ग्रेटर नोएडा औद्योगिक निवेश के केंद्र के रूप में उभरा है। उद्यमियों की मांग व जरूरत को देखते हुए स्कीम लांच कर दी गई है। तय समयसीमा में प्लॉट पर पजेशन दे दिए जाएंगे। इससे निवेश के साथ ही हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकेंगे।

## मुख्यमंत्री ने विधान भवन स्थित नवीनीकृत राजर्षि पुरुषोत्तमदास टंडन हॉल का उद्घाटन किया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ : उत्तर प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधान सभा सत्र के सुचारु संचालन के लिए सभी दलों से सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया है। आज यहां विधान भवन में आहूत एक सर्वदलीय बैठक में उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ही सदन चलता है। सकारात्मक वातावरण में तार्किक, तथ्यपरक एवं गुणवत्तापूर्ण संवाद से जनसमस्याओं का सार्थक समाधान किया जा सकता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री तथा नेता सदन योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि संसदीय परम्परा के अनुसार सत्र की शुरूआत कल 02 फरवरी, 2024 को राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी के अभिभाषण से होगी। इस सत्र में वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विगत वर्षों मे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने पूरे देश मे संसदीय कार्य प्रणाली की नजीर प्रस्तुत की है। इससे लोकतंत्र मजबूत हुआ है। सदन स्वस्थ चर्चा-परिचर्चा के लिए जाना जा रहा है। यह कार्य दलीय नेताओं के सहयोग से सम्भव हुआ है। विधान सभा अध्यक्ष जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विधान सभा में इनोवेशन की श्रृंखला शुरू हुई है। सदन में डिजिटाइजेशन, गैलरी के सुन्दरीकरण, हॉल के नवीनीकरण जैसे विभिन्न कार्य किये गये हैं। यह कार्य देश के लिए अनुकरणीय बने हैं। विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं के स्पीकर, संसदीय कार्य मंत्री इन इनोवेशन्स को देखने आते हैं। यह हमारे लिए गौरव की बात है। मुख्यमंत्री जी ने सत्र के सुचारु संचालन में सत्ता पक्ष के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सदन की उच्च गरिमा और मयार्दा को बनाए रखते हुए गम्भीर चर्चा को आगे बढ़ाने से लोकतंत्र के प्रति आमजन की आस्था बढ़ती है। प्रदेश सरकार राज्य के विकास एवं जनकल्याण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। विधान सभा में सकारात्मक माहौल में चर्चा होनी चाहिए।

### विवाहित महिलाओं को वित्तीय सहायता देने की योजना को भाजपा सरकार की मंजूरी

**रायपुर,** छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) की सरकार ने विवाहित महिलाओं के लिए एक योजना शुरू करने का बुधवार को फैसला किया जिसके तहत उन्हें 1,000 रुपये की मासिक वित्तीय सहायता उपलब्ध करायी जाएगी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। राज्य मंत्रिमंडल ने यहां शाम को अपनी बैठक में महतारी वंदन योजना को स्वीकृति दे दी। यह पिछले साल के विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा द्वारा किए गए प्रमुख वादों में से एक है। अधिकारी ने बताया कि सरकार ने तेंदू पत्ता एकत्रित करने वाले लोगों का पारिश्रमिक प्रति मानक बोरा 4,000 से बढ़ाकर 5,500 रुपये करने का भी फैसला किया है।

## एक दिन की न्यायिक हिरासत में रहेंगे हेमंत सोरेन

### सुप्रीम कोर्ट की रिमांड पर शुक्रवार को आएगा फैसला

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

झारखंड के पूर्व सीएम और जेएमएम के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्हें रांची के पीएमएलए कोर्ट में पेश किया गया था। वकील मनीष सिंह ने कहा कि हेमंत सोरेन को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। 10 दिन की रिमांड की मांग की गई थी लेकिन आदेश सुरक्षित रख लिया गया है और अगली सुनवाई कल होगी। बुधवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के तुरंत बाद हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया गया था। ईडी ने झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की 10 दिन की रिमांड की मांग की लेकिन आदेश सुरक्षित रख लिया गया है; अगली सुनवाई कल होगी। कथित भूमि धोखाधड़ी मामले से संबंधित सात घंटे से अधिक की पूछताछ के बाद गिरफ्तारी हुई। दूसरे दौर की पूछताछ के दौरान, एजेंसी ने सोरेन से 15 सवाल पूछे, जिनसे शुरूआत में 20 जनवरी को पूछताछ की गई थी। सुप्रीम कोर्ट आज झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा कथित भूमि घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने पर सहमत हो गया। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन शोधन के आरोप में गिरफ्तार किये जाने के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को विपक्षी दलों के नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा नीत सरकार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी एजेंसियों के माध्यम से विपक्ष की आवाज दबा रही है। हालांकि, भाजपा नेताओं ने कहा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कानून के मुताबिक गिरफ्तार किया गया है। तेजी से बदलते घटनाक्रम में झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष को सात घंटे से अधिक की पूछताछ के बाद भूमि संबंधी कथित धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में बुधवार रात ईडी ने गिरफ्तार कर लिया। झामुमो विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया में शामिल है।

## मोदी सरकार की अंतरिम बजट का नीतीश कुमार ने किया स्वागत, ललन सिंह भी हुए मोदीमय

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**बिहार,** भाजपा के साथ गठबंधन में वापसी करने के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ कर रहे हैं। आज लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार की ओर से अंतरिम बजट पेश किया गया। अंतरिम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि यह बजट सकारात्मक एवं स्वागत योग्य है। बजट में उच्च शिक्षा के लिए लोन की राशि बढ़ाई गई है जिससे युवाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि तीन नये रेलवे इकोनॉमिक कोरिडोर की शुरूआत होने से देश का आर्थिक विकास और तीव्र गति से हो सकेगा। इससे लॉजिस्टिक्स एफिशिएंसी में सुधार होगा और लागत में कमी आयेगी।

बिहार के मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार मध्यम वर्ग के लिए विशेष आवास योजना लायेगी, जिसके तहत किराये के घरों एवं झुग्गी बस्तियों में रहनेवाले लोगों को आवास का लाभ मिल सकेगा। यह स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने कहा कि उद्योगों के विकास के लिये स्टार्टअप के टैक्स स्लैब में एक साल के लिए छूट बढ़ाई गई है। जिससे औद्योगिक क्षेत्र के विकास की गति बढ़ेगी साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि मनरेगा का बजट 60 हजार करोड़ से बढ़ाकर 86 हजार करोड़ रुपये किया गया है, यह स्वागत योग्य कदम है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर और बढ़ेंगे। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत दी जानेवाली राशि से किसानों को आर्थिक मदद मिली है, इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है वहीं, लगातार मोदी सरकार पर हमलावर रहने वाले जदयू के पूर्व अध्यक्ष ललन सिंह मोदीमय दिखाई दे रहे हैं।

## पर्यावरण नियामक निकायों के लिए सुप्रीम कोर्ट की नई गाइडलाइन, कहा- नियमित ऑडिट जरूरी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली,** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पर्यावरण कानूनों को लागू करने वाले निकायों और प्राधिकरणों को अपने कामकाज में जवाबदेह, पारदर्शी और कुशल होना चाहिए क्योंकि इसने पर्यावरण नियामक निकायों और प्राधिकरणों के उचित संस्थागतकरण की दिशा में उनके प्रदर्शन के नियमित ऑडिट सहित कई निर्देश जारी किए। न्यायमूर्ति बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि हम इन पर्यावरणीय निकायों के प्रभावी कामकाज को सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर देना और दोहराना चाहते हैं क्योंकि यह पारिस्थितिकी की सुरक्षा, बहाली और विकास के लिए जरूरी है। न्यायालय ने पर्यावरण और वन मुद्दों पर सुप्रीम कोर्ट की सहायता करने वाली विशेषज्ञ समिति - केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) को एक निश्चित कार्यकाल और निर्दिष्ट कार्यों के लिए केंद्र द्वारा चुने गए सदस्यों के साथ एक स्थायी निकाय बनाने की केंद्र की अधिसूचना को मंजूरी देते हुए आदेश पारित किया। सरकार द्वारा 5 सितंबर को सीईसी को एक स्थायी निकाय के रूप में गठित करने और 8 सितंबर को अध्यक्ष और सदस्यों को नामित करने वाली दो अधिसूचनाओं को मंजूरी देते हुए, पीठ इस बात से संतुष्ट थी कि सीईसी के कामकाज पर उसकी चिंताओं का समाधान कर दिया गया है। साथ ही, अदालत ने पर्यावरणीय नियम कानून के प्रवर्तन से निपटने वाले अधिकारियों और निकायों के उचित संस्थागतकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति पीके मिश्राने कहा ये निकाय (पर्यावरण, वन और वन्य जीवन पर कानून लागू करने का काम) हमारे देश में पर्यावरण प्रशासन की रीढ़ हैं। उन्हें दक्षता, अखंडता और स्वतंत्रता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है।

## शिमला में लंबे इंतजार के बाद हुई मौसम की पहली बर्फबारी

### खिल उठे पर्यटकों और किसानों के चेहरे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

शिमला। हिमाचल प्रदेश की ऊंची पहाड़ियों और जनजातीय इलाकों में बृहस्पतिवार को मध्यम से भारी बर्फबारी जारी रही जबकि राज्य की राजधानी शिमला में इस मौसम की पहली बर्फबारी हुई। बर्फबारी से निवासियों, पर्यटकों और किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। शिमला बृहस्पतिवार को बर्फ की पतली चादर में लिपटा दिखा जबकि कुफरी और फागु के बीच पांच किलोमीटर का इलाका पूरी तरह से बर्फ से ढंक गया। ठंड के बावजूद पर्यटक और निवासी बर्फ का आनंद लेने के लिए शहर के मध्य में स्थित माल रोड और रिज पर इकट्ठा हुए। शिमला में बुधवार रात को भारी ओलावृष्टि हुई और उसके बाद रुक-रुक कर बारिश हुई। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, राज्य में छह राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 240 से अधिक सड़कें यातायात के लिए बंद कर दी गई हैं और भारी बर्फबारी एवं बारिश के कारण 677 ट्रांसफार्मर प्रभावित हुए हैं। केंद्र ने कहा कि किन्नौर और लाहौल एवं स्पीति के आदिवासी जिलों में165 सड़कें अवरुद्ध हैं। कुफरी, फागु और नारकंडा में भारी बर्फबारी के कारण सड़कें अवरुद्ध होने से ढली से आगे शिमला के ऊपरी क्षेत्र में वाहनों की आवाजाही रुक गई है। शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने बृहस्पतिवार को पीटीआई- को बताया कि बर्फबारी और सड़क पर फिसलन की स्थिति के कारण ढली में वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। उन्होंने कहा कि सड़कों पर जल्द ही यातायात बहाल हो जाएगा। राज्य के 12 में से पांच जिलों में मंगलवार रात से रुक-रुक कर बर्फबारी जारी है और स्थानीय मौसम कार्यालय ने एक फरवरी को पांच जिलों शिमला, कुल्लू, चंबा, किन्नौर और लाहौल एवं स्पीति में अलग-अलग स्थानों पर भारी बर्फबारी और बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

## त्रिपुरा में भाजपा की लोकसभा चुनाव की तैयारी, अमित शाह, जेपी नड्डा के साथ बैठक करेंगे पार्टी नेता

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली,** आगामी लोकसभा चुनाव की प्रत्याशा में, केंद्रीय भाजपा नेताओं ने त्रिपुरा भाजपा नेताओं को नई दिल्ली बुलाया है। गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 17 और 18 फरवरी को चुनावी तैयारी पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक महत्वपूर्ण रणनीति बैठक की अध्यक्षता करेंगे। भाजपा के सूत्रों ने लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के दृष्टिकोण को आकार देने में सभा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बैठक की पुष्टि की है।

उम्मीद है कि राज्य के नेता आगामी चुनावी लड़ाई में एक मजबूत और एकजुट मोर्चा सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख रणनीतियों, अभियान योजनाओं और समन्वय प्रयासों पर चर्चा करेंगे। सूत्रों ने बताया कि यह बैठक राष्ट्रीय और राज्य दोनों स्तरों पर सावधानीपूर्वक योजना और समन्वय के लिए भाजपा की प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में आती है। जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहा है, पार्टी का लक्ष्य अपने प्रयासों को सुव्यवस्थित करना और सफल चुनावी अभियान के लिए समर्थन जुटाना है। बैठक में अब तक बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष राजीब भट्टाचार्य और बीजेपी महासचिव अमित रक्षित शामिल होंगे। सूत्र ने आगे बताया कि बैठक के दौरान, पार्टी पिछले कुछ वर्षों में राज्य में पार्टी की गतिविधियों पर एक पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन पेश करेगी, जिसमें सदस्यता वृद्धि, तैयारी और चुनाव की योजना का विवरण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हालांकि इस बार हम इस राज्य की दोनों लोकसभा सीटों पर जीत सुनिश्चित कर रहे हैं, लेकिन तैयारी जरूरी है। हमारी पार्टी ने पिछले साल जीत हासिल की, और हमारी पार्टी और सरकार के प्रयासों के कारण हाल के वर्षों में इसे महत्वपूर्ण समर्थन मिला है, जो राज्य के समग्र विकास के लिए काम कर रही है।

# केंद्र सरकार का बजट निराशाजनक : अनिल दुबे



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने केंद्रीय बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा कि इस बजट में किसानों, मध्यम वर्ग, गरीबों तथा मजदूरों के लिए कुछ नहीं है सिर्फ जुमले ही है इस बजट से आम जनमानस को मात्र निराशा ही हाथ लगी है।अगर इस बजट में किसी को कुछ मिला है तो वह देश के उद्योगपतियों के हित में हैं और गरीबों, मध्यवर्गीय तथा किसानों के लिए बिल्कुल शून्य है। केन्द्र सरकार के अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये श्री दुबे ने कहा कि अंतरिम बजट के बहाने मोदी सरकार ने देश की जनता को चुनावी लॉलीपॉप थमाया है इस बजट में महंगाई, बेरोजगारी की ज्वलंत समस्याओं से निपटने का कोई प्रावधान नहीं किया गया है और न ही स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू की गयी है और न ही विदेशी कर्ज को कम करने का कोई उपाय है। उन्होंने कहा कि 2024 में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तब इण्डिया गठबंधन की सरकार किसानों, मजदूरों और नौजवानों तथा महिलाओं के हित में बजट लायेगी।

# आबकारी विभाग में माह जनवरी-2024 में 5,005.06 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्तियां

**गत वर्ष के माह जनवरी-2023 के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति में 59.17 प्रतिशत की वृद्धि - श्री नितिन अग्रवाल**

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के आबकारी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री नितिन अग्रवाल ने बताया कि आबकारी विभाग में माह जनवरी-2024 में 5,005.06 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्तियां हुयी हैं। गत वर्ष के माह जनवरी-2023 के सापेक्ष 59.17 प्रतिशत की वृद्धि हैं। श्री अग्रवाल ने बताया कि माह जनवरी-2024 तक कुल 36,122.36 करोड़ रुपये की प्राप्तियां हुयी है। आलोच्य अवधि की गत वर्ष की राजस्व प्राप्तियां 31,246.62 करोड़ के सापेक्ष 4875.74 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई है जो गत वर्ष के सापेक्ष 15.60 प्रतिशत ज्यादा है।

# प्रदेश में बारिश और तेज हवाओं का दौर, पारे में भी बढ़त, आज नहीं पर कल से फिर बरसेंगे बादल


अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, दो फरवरी को पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव समाप्त होगा।इससे तीन से पांच फरवरी के बीच सतही हवाओं का रुख पछुआ होगा।इसके चलते न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री की गिरावट आएगी और फिर प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं। प्रदेश में बृहस्पतिवार को बारिश का दौर जारी रहा। लखनऊ समेत अलीगढ़, बहराइच, बुलंदशहर, गौतमबुद्धनगर, कन्नौज, शाहजहांपुर, मेरठ, हरदोई समेत प्रदेश के कई इलाकों में बारिश रिकार्ड की गई।सहारनपुर व आसपास के इलाकों में ओला गिरने की पुष्टि भी आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र ने की है। इस दौरान 30 से 40 किमी की रफ्तार से तेज हवाओं का दौर भी जारी रहा। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, न्यूनतम तापमान चढ़ा है, कई इलाकों में ये 14 के पार दर्ज हुआ है। बारिश और हवा के चलते दिन के तापमान में कुछ गिरावट आई है। हरदोई में न्यूनतम तापमान 14.5, झांसी में 14.2 डिग्री, लखीमपुरखीरी में 14 डिग्री पहुंच गया। जबकि अलीगढ़ व उरई में 13.2, बरली में 13 डिग्री रहा। प्रयागराज में 12 डिग्री और बहराइच, शाहजहांपुर, बाराबंकी में 12 डिग्री से अधिक रहा। जबकि अधिकतम तापमान बारिश व हवा के चलते लखीमपुरखीरी में 16 डिग्री रहा, बुधवार को यहां पर दिन का पारा 23 डिग्री पहुंच गया था। बहराइच का दिन का पारा 17.4 रहा, एक दिन पहले यहां पर 25 डिग्री अधिकतम तापमान रिकार्ड हुआ था। ज्यादातर इलाकों में दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। लखनऊ का पारा भी तीन डिग्री से अधिक गिरकर 22 डिग्री रिकार्ड हुआ है।

# युवक ने महिला पर हसिये से वार कर किया घायल

लखनऊ ।निगोहां के रामपुर गढी जमुनी निवासी बेलावती ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया गांव में रहने वाले जंगबहादुर की पट्टे की जमीन उसके पति सुखराम ने खरीदी थी,जिस पर उसके द्वारा भवन निर्माण कराया जा रहा था तभी बीते बुद्ववार को मौके पर पहुंचे जंगबहादुर ने अपने एक रिश्तेदार के साथ मौके पर पहुंचकर गाली-गालौज करते हुये हसिये से बाये हाथ पर वार कर लहूलूहान कर दिया चीख पुकार सुनकर बचाने आयी बहू रूबी, श्री देवी, सीमा, रचना, ममता की लात घुसो से बुरी तरह पिटाई कर जान से मारने की धमकी देते हुये दो आरोपी मौके से भाग निकला ।जिसके बाद परिजन घायल बेलावती को इलाज के लिये अस्पताल लेकर गयें ।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया पीड़िता की तहरीर पर दो आरोपियों के विरूद्ध मारपीट, जान से मारने की धमकी देने समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गयी हैं।

# श्री स्वतंत्र देव सिंह ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त की



**यह विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने वाला बजट है**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह ने केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा आज प्रस्तुत बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने वाला बजट है।यह बजट देश के चहुंमुखी विकास को गति प्रदान करने, आत्मनिर्भर भारत एवं महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए क्रान्तिकारी बजट है। जलशक्ति मंत्री मंत्री ने कहा कि इस बजट ने गरीब कल्याण की पूरी गारन्टी को समाहित किया है। इस जनहितकारी बजट हेतु मा० प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी एवं वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी का आभार।

# उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री ने दी केन्द्रीय बजट पर प्रतिक्रिया

**बजट के अन्तर्गत गरीब, महिला, युवा तथा अन्नदाता किसान का विशेष ध्यान रखा गया है**

**बजट में समाज के कमजोर वर्गों का ध्यान रखने के साथ-साथ विकसित राष्ट्र के निर्माण के लक्ष्य की प्राप्ति के दृष्टिगत अवस्थापना विकास पर अधिक जोर दिया गया है -वित्त मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना**



अमन लेखनी समाचार

लखनऊः उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना ने केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बजट को सर्वहितकारी एवं सर्वसमावेशी बताया। उन्होंने कहा कि इस बजट के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की नीति को दोहराया गया है। इस बजट के अन्तर्गत गरीब, महिला, युवा तथा अन्नदाता किसान का विशेष ध्यान, तथा भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाये जाने के लक्ष्य को ध्यान में रखा गया है। बजट में समाज के कमजोर वर्गों का ध्यान रखने के साथ-साथ विकसित राष्ट्र के निर्माण के लक्ष्य की प्राप्ति के दृष्टिगत अवस्थापना विकास पर अधिक जोर दिया गया है।

वित्त मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश को केन्द्रीय करों में राज्यांश का हिस्सा के रूप में वित्तीय वर्ष 2023-24 में 183237.5 करोड़ रुपए मिलने का अनुमान था। वित्तीय वर्ष 2023-24 के आंकड़ों के अनुसार अनुमानतः 198135 करोड़ रुपए मिलेगा जो मूल अनुमान से लगभग 15000 करोड़ रुपए अधिक है।उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में 218816 करोड़ रुपए मिलने का अनुमान है। स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट के अन्तर्गत 50 वर्षीय ब्याजरहित ऋण को वित्तीय वर्ष 2023-24 की भांति आज प्रस्तुत बजट में भी यथावत रखा गया है।

श्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि बजट में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत 78 लाख पटरी दुकानदारों को ऋण उपलब्ध कराया गया है जिसमें से 2.3 लाख पटरी दुकानदारों को तीसरी बार ऋण दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री जन धन योजना तथा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत समाज के कमजोर वर्गों को आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी जा रहा रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत 03 करोड़ गरीबों को आवास उपलब्ध कराये जाने का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है।अगले 05 वर्षों में इस योजना के अंतर्गत 02 करोड़ गरीबों को आवास उपलब्ध कराये जाने जा लक्ष्य रखा गया है।

वित्त मंत्री ने बताया कि बजट में नारी शक्ति के आर्थिक सशक्ति करण के लिए 30 करोड़ महिलाओं को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत व्यवसाय हेतु आर्थिक सहायता दी गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत गरीबों को उपलब्ध कराये गये आवासों में से 70 प्रतिशत से अधिक आवास महिलाओं के नाम पर आवंटित किये गये है। लखपति दीदी योजना के अंतर्गत 09 करोड़ महिलाओं को 83 लाख स्वयम्‌ सहायता समूहों से जोड़ गया है। इन महिलाओं में से 01 करोड़ महिलायें लखपति दीदी बन चुकीं है। लखपति दीदी के लक्ष्य को 102 से बढ़ाकर 03 करोड़ किया जाना प्रस्तावित है।

श्री खन्ना ने बताया कि बजट में कृषि के उत्पादों के आधुनिक भण्डारण एवं प्रसंस्करण को बढ़ावा दिये जाने का प्रस्ताव है। नैनों यूरिया के सफल प्रयोग के बाद नैनो डीएपी का प्रयोग प्रारम्भ किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कुल 54 लाख युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है।युवाओं के लिए 07 आईआईटी, 16 आईआईआईटी, 07 आईआईएम, 15 एआईआईएमएस, 390 विश्वविद्यालय तथा 3000 आईटीआई नए खोले गये हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत कुल 43 करोड़ लाभार्थियों को रुपये 34.0 लाख करोड़ की राशि उपलब्ध कराई गई है। नवोन्मेष को बढ़ावा दिये जाने के लिए निजि क्षेत्र को नये क्षेत्रों में शोध के लिए 50 वर्षीय व्याज रहित ऋण के माध्यम से रु0 1000 करोड़ की निधि गठित किये जाने का प्रस्ताव किया गया है। 517 नए वायु मार्गों पर विमानन सेवाएं प्रारम्भ की गई हैं। भारतीय विमानन कम्पनियों द्वारा 1000 नए वायु यानों का आर्डर दिया गया है। रूफटॉप सोलर योजना को बढ़ावा देते हुए 01 करोड़ घरों पर इसे लगाया जायेगा जिससे प्रति घर 300 यूनिट मुफ्त बिजली दी जा सकेगी तथा इसके अलावा अतिरिक्त विद्युत उत्पादन की बिक्री किये जाने से 15 से 18 हजार करोड़ रुपये तक की प्राप्ति हो सकेगी।

# भ्रष्ट लेखपाल के विरोध में सरोजिनी नगर तहसील बार के अधिवक्ताओं का धरना

**लेखपाल नीतू यादव ने फर्जी तरीके से दिनेश सिंह चौहान अधिवक्ता के ऊपर लगाया आरोप**

अमन लेखनी समाचार/ शिवम सिंह चौहान



बंथरा लखनऊ । सरोजनी नगर तहसील में आज तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने धरना दिया धरने का मुख्य कारण सरोजनी नगर तहसील में मौजूद लेखपाल नीतू यादव द्वारा अधिवक्ता दिनेश सिंह चौहान के ऊपर आरोप लगाया गया कि उन्होंने मेरे साथ छेड़खानी की और मेरी बेटी को अगवा करने की धमकी दी जिसके कारण समस्त अधिवक्ता रोषित हो गए अधिवक्ताओं का कहना था कि जिस समय की यह घटना है उसे समय वह स्वयं यहां मौजूद नहीं थी उनकी ड्यूटी अमौसी एयरपोर्ट में थी उनके पति जो लेखपाल का कार्य देखते हैं वह तहसील में मौजूद थे जिसे दाखिल खारिज की फाइलों को लेकर दिनेश सिंह चौहान अधिवक्ता और लेखपाल के पति के बीच कहां सुनी हो गई थी जिसके कारण नीतू यादव द्वारा दिनेश सिंह चौहान जी के ऊपर फर्जी आरोप लगाया गया अधिवक्ताओं का कहना है तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार में प्रशासनिक अधिकारी की भी मिली भगत रहती है महिला लेखपाल ने थाना बिजनौर में जो प्रार्थना पत्र अधिवक्ता के विरुद्ध दिया था उसी के खिलाफ अधिवक्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया एवं लेखपाल को निलंबित करने की मांग की मामले को बढ़ता देख एसडीएम महोदय मौके पर पहुंचे और अधिवक्ताओं से बातचीत की और एक घंटे में पूरे मामले का निस्तारण करने की बात कही तत्काल मौके पर लेखपाल नीतू यादव को बुलाकर माफी मांगी तथा प्रार्थना पत्र जो कि थाना बिजनौर में दिया गया था वापस लिया गया तब जाकर अधिवक्ताओं का रोष शांत हुआ ।जिसमें मुख्य रूप से कमलेश प्रताप सिंह चौहान (अध्यक्ष )अखिलेश श्रीवास्तव (महामंत्री)व ज्योति स्वरूप वाजपेई (कोषाध्यक्ष) वी प्रभात शुक्ला ,राम सुचित यादव, दिनेश सिंह ,राजेंद्र प्रसाद ,जयंत सिंह, संजय सिंह चौहान व सरोजिनी नगर तहसील बार एसोसिएशन सरोजनी नगर के सभी अधिवक्तागढ़ मौजूद रहे

# ईवीएम प्रचार वाहन को एसडीएम ने हरी झंडी दिखा किया रवाना

अमन लेखनी समाचार




मोहनलालगंज। तहसील मुख्यालय से उपजिलाधिकारी हनुमान प्रसाद मौर्य ने तहसीलदार आनंद तिवारी की मौजूदगी में गुरूवार को एलईडी मतदाता जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर क्षेत्र के लिये रवाना किया। मतदाता जागरूकता वाहन तहसील क्षेत्र के दो ब्लाको के सभी मतदान केंद्रो, ब्लॉक मुख्यालयों, प्रमुख स्थलों, चौराहों व बाजारों में रोस्टर वार पहुंचेगा। एलईडी वैन द्वारा मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया, ईवीएम व वीवीपैट से संबंधित जानकारी दी जाएगी। उपजिलाधिकारी हनुमान प्रसाद मौर्य ने कहा कि मतदान को भविष्य चुनने का अधिकार है।मतदान की प्रक्रिया के संबंध में सभी जानकारियां मतदाताओं के पास अवश्य होनी चाहिए।इसी उद्देश्य से एक एलईडी जागरूकता वाहन निर्वाचन आयोग द्वारा तहसील क्षेत्र में भेजा गया हैं जिसके माध्यम से रोस्टर वार गांव-गांव पहुंचकर मतदाताओं को जानकारी देने व जागरूक करने का काम किया जाएगा।

# प्रेमिका का गला घोंट शव सौ मीटर तक घसीटता ले गया था आरोपी

अमन लेखनी समाचार



काकोरी, लखनऊ। काकोरी में बृजेश कुमार ने शादी का दबाव बनाने पर प्रेमिका सरिता की कार के अंदर गला दबाकर हत्या कर दी थी। उसने प्रेमिका को फोन कर मिलने के बहाने बुलाया था।हत्या को खुदकुशी दिखाने के लिये वह शव करीब 100 मीटर तक घसीटते ले गया और शारदा नहर किनारे पेड़ से लटका दिया ।सरिता के शव पर आई 11 खरोंचे और चोटें उसे घसीटने से ही आई थीं। बृजेश के इस बयान के बाद पुलिस गुरुवार को उसे लेकर घटनास्थल गई थी। खुलासा हुआ कि बृजेश ने प्रेमिका के नम्बर से अपने दोस्त को कॉल की थी। कॉल डिटेल में इस खुलासे के बाद ही पुलिस को बृजेश पर शक गहराया था।

मुकदमे में फंसाने की दे रही थी धमकी डीसीपी पश्चिम राहुल राज ने बताया कि सरिता की हत्या के आरोप में गिरफ्तार काकोरी बहरू निवासी इलेक्ट्रिक व्यापारी बृजेश ने पहले शादी की बात कही थी।दो साल पहले सरिता का रिश्ता परिवार ने तय किया था, लेकिन उसने बृजेश से शादी की बात कहते हुए सरिता ने रिश्ता नकार दिया था। इसके बाद वह कई बार शादी का दबाव बना चुकी थी मगर बृजेश शादी को तैयार नहीं हुआ। वह सरिता की जगह परिवार की मर्जी से शादी करना चाहता था।यह बात पता चलने पर सरिता ने बृजेश पर मुकदमा दर्ज कराने की बात कही थी। इसके चलते बृजेश डर गया और प्रेमिका के कत्ल की साजिश रच दी ।दोस्त के नम्बर से कॉल कर बुलाया बृजेश ने मंगलवार रात एक दोस्त के साथ शराब पी थी। उसी का मोबाइल लेकर प्रेमिका को कॉल मिलाई और मिलने बहरू गांव के बाहर बुलाया।बृजेश के कहने पर सरिता घर से निकल कर गांव के बाहर पहुंच गई।जहां बृजेश कार से आया था।काफी देर तक दोनों कार में बैठ कर बात करते रहे।फिर बृजेश ने प्रेमिका की पिटाई करते हुए दुपट्टे से गला दबा कर हत्या कर दी।

### घसीटने से शरीर पर मिलीं 11 चोटें

दुपट्टे से गला दबा कर सरिता की हत्या के बाद बृजेश ने शव फंदे से लटकाने की योजना बना रखी थी। हत्या को अंजाम देने के बाद वह प्रेमिका का शव घसीट कर शारदा नहर किनारे ले जाने लगा। रास्ते में काफी झाड़ियां थीं। शव उसमें फंस गया। मगर बृजेश निर्दयता से शव घसीटता रहा।नहर किनारे पहुंच कर दुपट्टे का एक सिरा डाल में फंसाने के बाद बृजेश ने शव को फंदे से लटकाया था।

### प्रेमिका के नम्बर से दोस्त को मिलाई कॉल

सरिता की हत्या के बाद बृजेश कार से लौट रहा था।उसके पास सरिता का मोबाइल फोन था। एक जगह कीचड़ में कार फंस गई तो आरोपी ने सरिता के नम्बर से दोस्त को कॉल कर मदद मांगी। फोन डिटेल में इस काल का पता चलने पर शक बृजेश पर गहरा गया था।डीसीपी के मुताबिक आरोपी के दोस्तों से भी पूछताछ की गई है। मगर हत्या और शव छिपाने में उनकी भूमिका नहीं मिली।

# आर डी का पैसा नहीं कटा तो गूगल का सहारा, जालसाजों ने उडाई नकदी, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।आलमबाग कोतवाली इलाके में रहने वाले युवक ने अपनी आर डी की किस्त नहीं कटने पर गूगल का सहारा लेना महंगा पड गया। वही जालसाजों ने बातचीत के दौरान पीड़ित के खाते से आनलाइन लाखों रुपये की नकदी पार कर दिया ।आलमबाग कोतवाली इलाके स्थित चन्दर नगर निवासी मनुज पिपलानी पुत्र स्व रमेश पिपलानी ने बताया कि उनकी पत्नी सागी पिपलानी का खाता इंडियन बैंक केजीएमसी शाखा में है।बीते 29 जनवरी को उनके आर डी का पैसा कटना था वो नही कटा ।जिसके चलते उन्होंने 30 जनवरी को गूगल से इंडियन बैंक ब्राँच का नम्बर निकाल कर अपने मोबाइल नम्बर से उक्त फोन नम्बर पर काल किया। कालर ने बातचीत के दौरान उनकी पत्नी सागी पिपलानी का मोबाइल नम्बर माँगा और बात करते पत्नी के मोबाइल से 99360 रुपए कट गया उसके बाद उनके नम्बर से भी 14001 रुपए कट गया ।आरोप है कि कालर ने बात चीत के दौरान ओनलाइन 99360 रुपए पुनः उनके नम्बर पर बात करके उनके खाते से 140001 रुपए ओनलाइन निकाल गया ।खाते से पैसा निकल जाने की जानकारी होने पर उन्होंने साइबर सेल सहित स्थानीय थाने में पुलिस से शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# चोरी के समान के साथ पुलिस ने शातिर चोर को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। बीते एक माह पहले बेखौफ शातिर चोरों ने अलग दो स्थानों से चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले शातिर चोर को बृहस्पतिवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पहुंच कर चोरी के समान के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

माल थाना क्षेत्र के बरगदिया चौराहे पर आंट गढ़ी सौंरा गांव निवासी कंचन सिंह पत्तल, दोना बेचने की दुकान चलाती हैं।विगत 6 जनवरी की रात्रि में चोरों ने दुकान से पत्तल दोना व अन्य सामान की चोरी कर ली थी। जिसपर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी थी। वहीं गुरूवार को माल पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि अटारी फार्म के पास एक व्यक्ति प्लास्टिक के एक बोरे में पत्तल दोना लिये किसी के इंतजार में खड़ा है। पुलिस ने पहुंचकर उसे दबोच लिया और कड़ाई से पूछताछ की तो उसने अपना नाम रंजीत यादव ग्राम कटौली थाना दुबग्गा बताया कि बरगदिया की दुकान से दोना पत्तल की चोरी करना बताया। वहीं जामा तलाशी में उसके पास से मोबाइल फोन मिला।जिसे उसने पारा भदराही निवासी ओमकार प्रजापति के घर से चोरी करने की बात स्वीकार की पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# स्वास्थ्य जागरूकता,सम्मान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बृहस्पतिवार को सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था प्रगति विचारधारा फाउंडेशन द्वारा आज काशीराम उपवन में चल रहे महोत्सव में स्वास्थ्य जागरूकता, सम्मान समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष नेहा खरे, संस्था की संरक्षक डॉ सीमा गुप्ता, एसके अवस्थी व स्टेलर अकादमी की प्रधानाचार्य अंजली श्रीवास्तव समेत मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर सरस्वती जी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

सबसे पहले स्टेलर अकादमी के बच्चों व अन्य बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।इसके बाद संस्था द्वारा चलाए जा रहे ब्यूटी पार्लर कोर्स सीख रही महिलाओं को संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर दिए गए कार्यक्रम में अपने-अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लोगों को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई जिनमें प्रमुख चिकित्सकों में से डाक्टर केवीएस निरंजन, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पुनीष अग्रवाल, दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर वेद प्रकाश मिश्रा, लेजर व क्षार रोग विशेषज्ञ डॉ मोहम्मद शफीक मौजूद रहे

# बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में ओटी टेक्नीशियन की मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ।बिजनौर इलाके में बुधवार रात दो बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में एक निजी अस्पताल के ओटी टेक्नीशियन की मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से अमेठी जिले के शुकुल बाजार का रहने वाला रवि शर्मा (27) राजधानी लखनऊ में पीजीआई के तेलीबाग स्थित अपने मामा राम प्रकाश के पड़ोस में किराए के मकान में रहकर बिजनौर - सिसेण्डी रोड पर एक निजी अस्पताल में ओटी टेक्नीशियन था।रवि शर्मा बुधवार रात मोटरसाइकिल से ड्यूटी जा रहा था। तभी रास्ते में बिजनौर कस्बे के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उसकी भिड़ंत हो गई।इस हादसे में रवि गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के लिए लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया।जहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने रवि को मृत घोषित कर दिया। बाद में पुलिस ने उसके पास मिले मोबाइल से परिजनों को घटना की सूचना दी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक रवि अपने चार भाइयों में दूसरे नंबर था।उसके परिवार में पिता राजेश और मां राजेश्वरी देवी भी हैं।

# दबंग भाईयों ने जानवर बंधाने से मना करने पर दम्पत्ति को पीटा

मोहनलालगंज।दहियर गांव निवासी सूरज कुमार ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया उसके घर के सामने स्थित चबूतरे पर गांव के ही सुमन व उसके भाई विनोद कुमार,प्रमोद कुमार अपने जानवर बांध देते है जिसके चलते उक्त रास्ते घर आने जाने में काफी दिक्कत होती है,बीते बुद्ववार की देर शाम चबूतरे पर जानवर बंधाने का विरोध करने पर तीनो भाईयों ने लाठी-डंडो व कुल्हाड़ी से लैस होकर घर में घुसकर उसकी व पत्नी समेत घर में मौजूद बुजुर्ग दादा की पिटाई कर लहूलूहान कर दिया ओर दोबारा जानवर बंधाने से मना करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित की तहरीर पर तीनो आरोपियों के विरूद्व घर में घुसकर मारपीट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

# संक्षेप

## अनियंत्रित बाइक सवार युवक डिवाइडर से टकराया मौत

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के 282 किमी एक्सप्रेसवे पर एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई जिससे मोटरसाइकिल चालक धर्मेंद्र कुमार 28 वर्ष पुत्र धनपाल निवासी मोहनगढ़ थाना नवाबगंज जिला कासगंज को काफी चोटे आई है घायल को पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र औरास ले गए जहां पर डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया गया शव को पुलिस ने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है

## हत्या के आरोपियों को सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के चंपा पुरवा निवासी एक पत्रकार के पुत्र की वर्ष 2022 में हत्या कर हरिहरपुर रोड के किनारे बने एक खंडहर के मकान में शव फेंका गया था पत्रकार की तहरीर पर पुलिस ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था दोष सिद्ध होने पर कोर्ट ने दोनों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई साथ ही तीस तीस हजार का अर्थ दंड लगाया

इंदिरा नगर निवासी लाल जी वर्मा जो मीडिया कर्मी है उनका बेटा विकास वर्मा उर्फ मुन्नू 13 अगस्त 2022 को घर से निकला था इसके बाद 17 अगस्त 2022 को हरिहरपुर मार्ग स्थित एक खंडहर में कई दिन पुराना शव मिला था पुलिस ने जांच पड़ताल की जहां मुख्य मार्गों पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले और पिता लाल जी वर्मा की तस्वीर पर पुलिस ने गोपीनाथपुरम निवासी संतोष वर्मा पुत्र सियाराम वर्मा और चंपा पुरवा निवासी रमन तिवारी पुत्र दयाशंकर तिवारी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था पुलिस ने दोनों आरोपियों पर कार्रवाई कर जेल भेजा था जहां दोनों ने कबूल किया था कि विकास को घर से ले जाकर हत्या कर शव छुपा दिया था इधर रमन तिवारी जमानत पर बाहर चल रहा था पत्रकार के बेटे की हत्या की मामले की कोर्ट ने अंतिम सुनवाई की जहां निरीक्षक अरविंद कुमार सरोज और बृजेश कुमार शुक्ला की विवेचना की विवेचक द्वारा घटना से संबंधित पर्याप्त साक्ष्य न्यायालय के समक्ष पेश किए गए थे अधिवक्ता शासकीय अर्थव्यस्था आनंद कुमार गौड़ और मनोज कुमार पांडे की दलीलों पर न्यायाधीश अनिल कुमार सेठ ने दोनों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाने के साथ ही तीस तीस हजार का अर्थ दंड लगाया है।

# अध्यक्ष राजस्व परिषद ने राजस्व कार्यों की विस्तृत की समीक्षा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अध्यक्ष, राजस्व परिषद, उ०प्र० लखनऊ हेमन्त राव, आई०ए०एस० द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय के विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया गया तथा कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में राजस्व अधिकारियों के साथ राजस्व वादों / कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गयी।

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष द्वारा आपदा राहत, संयुक्त कार्यालय, मूलेख, चकबन्दी, सर्वेक्षण, खनन, राजस्व अभिलेखागार, भू-अध्यापित कार्यालय, राजस्व कोर्ट आदि पटलों से संबंधित विभिन्न प्रकार के राजस्व कार्यों की गहनतापूर्वक जानकारी ली गयी। इस दौरान उन्होंने कहा कि निरीक्षण का उद्देश्य कमियां ढूंढना नहीं है, बल्कि कमियों को दूर करना है। उन्होंने कोर्ट सहित सभी राजस्व पटल देखे और कहा कि राजस्व विभाग का मूल कार्य है कि राजस्व वादों/कार्यों की नियमित सुनवाई करें तथा वादों/जन समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता व गुण-दोष के आधार पर बिना किसी बिलम्ब के सुनिश्चित कराएं। अभिलेखागार सहित अन्य राजस्व पटलों की फाइलों और दस्तावेजों को लेकर उन्होंने कहा कि सभी पटल कार्मिक अपने-अपने दस्तावेजों व फाइलों का रख-रखाव बहतर व सुसज्जित ढंग से करें।

राजस्व अधिकारियों के साथ आहूत बैठक में अध्यक्ष ने जनपद के प्रशासनिक ढांचा व कार्मिकों की उपलब्ता की जानकारी लेते हुए कहा कि जहां पर भी पुरानें व जर्जर भवन संचालित हैं उनको अनुपयोगी घोषित कराकर नए भवनों का प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध कराएं ताकि इस संबंध में अपेक्षित कार्यवाही की जा सके। इस अवसर पर उन्होंने राजस्व वादों के निस्तारण में राजस्व अधिकारियों द्वारा बरती जा रही लापरवाही पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बिना आदेश के वाद निस्तारण दिखाने वाले कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही होगी। उन्होंने कहा कि बिना किसी विलम्ब के मैरिट के आधार पर समस्त आदेश पारित किए जाएं। पुराने लम्बित वादों के निस्तारण में प्राथमिकता दी जाए। जन सामान्य को परेशान कदापि न करें, राजस्व परिषद द्वारा जो भी ऑनलाइन / ऑफलाइन सेवाएं उपलब्ध करायी जा रही है उनका लाभ जनसामान्य को ससमय व पात्रता के अनुसार उपलब्ध कराया जाए। स्वामित्व योजना को लेकर उन्होंने कहा कि जो घरौनियां तैयार हो चुकी है उनका शत प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करा लिया जाए। उन्होंने कहा कि घरौनी एक लीगल दस्तावेज है, इसके फायदों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने आईजीआरएस, सम्पूर्ण समाधान दिवस, पीजी पोर्टल भारत सरकार की शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकारी गण जन सामान्य की शिकायतों को गम्भीरता से लें और ससमय व गुणवत्तापूर्ण ढंग से उनका निस्तारण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने ऑडिट के संबंध में भी जानकारी ली और आपत्तियों का निस्तारण ससमय कराने के निर्देश दिए।

इस मौके पर जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) नरेन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विकास कुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हिमान्शु गुप्ता, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अतुल कुमार एवं प्रज्ञा पाण्डेय सहित समस्त एसडीएम, तहसीलदार आदि राजस्व अधिकारी मौजूद रहे।

# लेखपाल के विरुद्ध आधा सैकड़ा ग्रामीण हुए लामबंद, एसडीएम को दिया शिकायत पत्र

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के अंतर्गत भिक्खन गोपालपुर निवासी महिला पुरुष और ग्राम प्रधान लालेश अस्थाना सहित लगभग आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने आज गुरुवार बांगरमऊ तहसील में पहुंचकर उप जिलाधिकारी शुभम यादव को एक शिकायती पत्र देकर बताया कि ग्राम पंचायत में स्थित गाटा संख्या 373 भूमि ऊषर में दर्ज है। लगभग पांच बिसवा भूमि गांव के दबंग द्वारा अवैध कब्जा की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि पैमाइश करने की शिकायत पर तहसीलदार साक्षी राय के निर्देशन में बीते बुधवार को लेखपाल सुधीर त्रिपाठी व बृजेश कुमार के द्वारा पैमाइश की गई थी इन दोनों लेखपालों ने विपक्ष से मिलकर मनमानी तरीके से इधर-उधर गुमराह करके पैमाइश करते रहे जिसका गाटा संख्या 373 पर कब्जा है उसकी पैमास ही नहीं की गई जो की पड़ोसी गांव हरईपुर बॉर्डर से सटा हुआ नंबर है। गलत पैमाइश होने से जनता में बहुत ही आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर सुधीर त्रिपाठी को ग्राम सभा से हटाए जाने वह दूसरे लेखपाल को चार्ज देकर गाटा संख्या 373 भूमि की पैमाइश कराई जाने की मांग की है। संतोष, दिनेश तिवारी, श्याम सुंदर, मीना देवी, शिवकुमार, उर्मिला, रामशरण, सुनीता, सोनवानी, राकेश कुमार, राधेश्याम सहित आधा सैकड़ा ग्रामीण मौजूद रहे।

# छेड़खानी करने वाले दो युवकों के विरुद्ध दर्ज हुआ मुकदमा




अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के एक मोहल्ला निवासी एक युवक ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि उसकी पत्नी जब बच्चे को घर से स्कूल छोड़ने जाती है। एक युवक उसे रास्ते में रोककर छेड़खानी करता है। जब उसने उसके घर पर शिकायत की तो उस युवक ने अपने भाई के साथ गाली गलौज देकर जान माल की धमकी दी। पुलिस ने छेड़छाड़ , गाली गलौज, जानमाल की धमकी की रिपोर्ट आरोपी सुनील और उसके भाई सुभाष के खिलाफ दर्ज कर जांच शुरू की है। कोतवाल राजकुमार ने बताया रिपोर्ट दर्जकर जांच की जा रही है।

# कान्हा में बंद गोवंश को अध्यक्ष खिलवा रहे हरा जौ

अमन लेखनी समाचार



भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे की कान्हा गौशाला में बंद हुए बेसहारा गोवंश को चेयरमैन ने अपनी निजी भूमि पर बोई गई जौ की फसल को प्रतिदिन खिला रहे हैं।

नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे धीरू ने बताया कि बेसहारा गोवंश को हरा चारा मुहैय्या कराने के उद्देश्य से उन्होंने अपनी निजी भूमि पर 10 बीघे में जौ की फसल बो रखी है। एक ट्राली जौ प्रतिदिन कान्हा गौशाला भिजवाकर बेसहारा गोवंश को खिलवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि भूसे के साथ हरे चारे को भी मिलाया जाता है। साथ ही अलग से भी गोवंश को खिलाया जा रहा है।

पशु चिकित्साधिकारी डा. अंकुर सचान ने बताया की कस्बे की कान्हा पशु आश्रय स्थल में 640 बेसहारा गोवंश संरक्षित है। पंचायतों में 50 रुपये प्रति गोवंश प्रतिदिन भरण पोषण के लिए दिया जाता है। इसमें 35 रुपए भूसा तथा 15 रुपए हरे चारे अथवा चूनी चोकर के लिए होता है। नगर पंचायत में उनकी तरफ से बजट नहीं जाता है। इसके लिए नगर पंचायत अपने मद से ही खर्च करती है।

# नगर पालिका में प्रधानमंत्री आवासों में जमकर लूट घसोट जारी

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर पालिका परिषद के अंतर्गत मोहल्ला नौनिहालगंज, पटेल नगर , अंबेडकर नगर में प्रधानमंत्री आवासों में जमकर लूट घसोट की जा रही है लगातार इसकी खबरें भी प्रकाशित हुई और पीड़ितों द्वारा मुख्यमंत्री व उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर भी अवगत कराया गया फिर भी जिम्मेदार अधिकारियों ने अभी तक मामला संज्ञान में नहीं लिया जिससे लूट घसोट करने वालों के हौसले दिन पर दिन बुलंद होते जा रहे हैं। नगर पालिका परिषद के मोहल्ला नौनिहालगंज, पटेल नगर, अंबेडकर नगर में पूर्व सभासद द्वारा प्रधानमंत्री आवासों में जमकर अवैध वसूली की गई मुख्यमंत्री को भी प्रार्थना पत्र को जन सुनवाई के माध्यम से मुख्यमंत्री व उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया फिर भी जिम्मेदार अधिकारियों ने भी संज्ञान में नहीं लिया जिससे प्रधानमंत्री आवासों में अवैध वसूली करने वालों के हौसले दिन पर दिन बुलंद होते जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवासों मे जिससे पैसा लिया जाता है उसको जमकर धमका दिया जाता है की कोई भी पूछे किसी को कुछ बताना नहीं अन्यथा आने वाली किस्त रोक दी जाएगी। वार्ड नंबर 5 पटेल नगर निवासी रियाजुल अली ने कहा कि हमारी कॉलोनी आ गई थी किंतु एक पूर्व सभासद हमारे पास आये और वह हमसे पैसे मांग रहे थे। जब हमने पैसा नहीं दिया तो उन्होंने मेरा नाम पात्रता सूची से कटवा दिया। इस संबंध में नगर की अधिशासी अधिकारी ने बताया कि कुछ लोगों ने लिखित शिकायत की है जिसकी जांच की जा रही है और नागरिकों से कह दिया गया है किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार का कोई पैसा आवास के नाम पर न दें जो मांगे उसकी शिकायत करें।

# कर्मचारियों ने नम आंखों से की बीडीओ की विदाई

अमन लेखनी समाचार




फखरपुर, बहराइच। फखरपुर ब्लॉक मुख्यालय पर तैनात बीडीओ के स्थानांतरण पर विदाई सम्मान समारोह व प्रभारी बीडीओ के स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।

फखरपुर ब्लाक मे वर्षों से तैनात रहे खंड विकास अधिकारी शैलेंद्र सिंह का सीतापुर जनपद मे स्थानांतरण हो गया है। स्थानांतरण हो जाने पर उनके सम्मान में ब्लाक मुख्यालय स्थित सभाकक्ष में गुरुवार को ग्राम प्रधान व ब्लाक कर्मचारी के द्वारा विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विदाई सम्मान समारोह की अध्यक्षता प्रमुख प्रतिनिधि रणवीर सिह मुन्ना ने किया। इस मौके पर आयोजित सम्मान सह विदाई समारोह में बीडीओ को शॉल, अंगवस्त्र व गुलदस्ता व बुके देकर सम्मानित किया गया। बीडीओ शैलेन्द्र सिंह ने करीब डेढ़ वर्षों के किए गए कार्यकाल की फीडबैक देने की अपील की। उन्होने कहा कि मुझे कमियां भी बतायें जिससे आगे नौकरी में करने सुधार किया जाये। उन्होने अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व ग्रामीण लोगों का सहयोग एवं प्यार हमेशा यादगार बना रहेगा। इस दौरान बीडीओ भावुक हो गए और उपस्थित कर्मी एवं जनप्रतिनिधियों से अनजाने में हुई किसी भूल के लिए क्षमा करने की भी बात कही। वहीं समारोह को संबोधित करते हुए प्रमुख प्रतिनिधि रणवीर सिंह ने बीडीओ की कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके दीघार्यु एवं सुखमय जीवन की कामना की साथ ही प्रभारी बीडीओ अजय प्रताप सिंह का स्वागत किया गया।

इस मौके पर बीईओ अनुराग मिश्र,विनोद श्रीवास्तव,जेई तुषार वर्मा,मोनिका सिंह,संतोष श्रीवास्तव,जितेन्द्र तिवारी,दिलीप सिंह,महेश जायसवाल,महेन्द्र जायसवाल प्रमोद सिंह,दिनेश तिवारी, सुखद राज सिंह पप्पू, उदय राज वर्मा,ज्ञान चन्द्र वर्मा, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, सरवन महाराज,सूरज सिंह,प्रिंस प्रजापती,वाजिद खां,दुर्गेश यादव, कादिर खां,आदि मौजूद रहे।

# बेहतर विद्युत आपूर्ति के लिए दिए गए 150 करोड़

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शासन की ओर से बेहतर विद्युत आपूर्ति के लिए लगभग 150 करोड़ की और धनराशि बिजली विभाग को दी गई जिससे नगर के विद्युत व्यवस्था में सुधार होगी इसके साथ ही जर्जर केबल और खराब ट्रांसफार्मर के अलावा अन्य संसाधनों का भी को भी बदला जाएगा शुक्लागंज पावर हाउस गंगा घाट टाउन से नगर के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों को बिजली आपूर्ति की जाती है बड़े लोड के कारण गर्मी में ट्रांसफार्मर फूकना एबीसी के भी जलने की घटना से नगर की बिजली व्यवस्था अक्सर बाधित रहती है इसको सुधारने के लिए अधिशासी अभियंता ने पावर हाउस में लगे 10 बा और 5 बा ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा था जिसके तहत 5 बा की स्वीकृत मिल गई है इसके साथ ही बेहतर बिजली सप्लाई के लिए अतिरिक्त एक और 5 बा का ट्रांसफार्मर प्रस्ताव भेजा जा चुका है आज से विभाग संरक्षण के तहत बिजली संयंत्र का दुरुस्त करने का काम शुरू करने जा रहा है जेई विष्णु शुक्ला ने बताया कि आज से पावर हाउस स्टेशन पर साफ सफाई के साथ ब्रेकर फाइनल ट्रांसफार्मर का मेंटेनेंस शुरू किया जाएगा पूरे काम के दौरान नगर के जर्जर ट्रांसफार्मर पोल आदि ठीक किए जाएंगे जेई ने बताया कि करीब 150 करोड रुपए का धन आवंटित हो चुका है जिससे क्षेत्र में ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाना नई केवल डालना का काम किया जाएगा शुक्लागंज नगर वह ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली विद्युत आपूर्ति के दौरान बार-बार होस्टिंग का रोना होता है एसडीओ ने एक्शन के माध्यम से लखनऊ को पत्राचार कर होस्टिंग मुक्त करने की मांग की है।

# दो अपर पुलिस अधीक्षको के एसपी ने बदले कार्य क्षेत्र

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दो दिन पहले लखनऊ से बड़े स्तर पर हुए आईपीएस पीपीएस अफसर के तबादले हुए जिनमे जनपद को भी दो अफसर मिले जिसमें एक अपर पुलिस अधीक्षक तो दूसरे डिप्टी एसपी को तैनाती मिली है दोनों अधिकारियों ने बुधवार की देर शाम जनपद पहुंचकर कर पदभार ग्रहण किया इसके बाद एसपी ने अपर पुलिस अधीक्षक को तैनाती दी और आदेश जारी किया शासन के द्वारा जनपद के दो अपर पुलिस अधीक्षक की नियुक्ति हुई जिसमें पहले से अपर पुलिस अधीक्षक पद पर तैनात पीपीएस अफसर अखिलेश सिंह को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा ने अब अपर पुलिस अधीक्षक उतरी बनाया गया उनके कार्य क्षेत्र को सी ओ सदर बीघापुर पूर्व आंकिक शाखा के अलावा पुलिस लाइन चुनाव सेल त्योहार डीसीआरबी और यातायात रहेगा पीपीएस प्रेमचंद को अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी बनाया गया है उनका कार्य क्षेत्र सी ओ सफीपुर बांगरमऊ हसनगंज पत्र व्यवहार शाखा अपराध शाखा त्योहार रेट सेल शिकायत प्रकोष्ठ जन सूचना महिला एवं बाल कल्याण संगठन सुरक्षा डीसीआई आइजीआर आईआरएस सेल की जिम्मेदारी मिली है संभल से तबादला होकर आए डिप्टी एसपी सोमेंद्र विश्वास ने भी उन्नाव में आमद कराई है लखनऊ पुलिस हेडक्वार्टर के शाखा में तैनात पीपीएस अफसर प्रेमचंद 1994 बैच के अधिकारी हैं बताया जा रहा है वह प्रमोशन के दौर में है जल्द ही आईपीएस बनेंगे कई जनपदों में उन्हें फील्ड का अच्छा अनुभव है फिलहाल उन्हें एसपी ने अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के पद पर कार्य भार सौंपा है उन्नाव में दो अपर पुलिस अधीक्षक होने से प्रयास है कि क्राइम कंट्रोल में होगा और पुलिस कर्मियों को भी मुसीबतों से नहीं जूझना पड़ेगा।

# लोक सभा सीट की सपा प्रत्याशी ने माता रानी के दरबार में टेका मत्था

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। लोकसभा सीट-33 उन्नाव से पूर्व सांसद अन्नू टंडन को समाज वादी पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। अन्नू टंडन ने अक्टूबर 2020 में कांग्रेस छोड़ दी थी जिसके बाद उन्होंने दो नवंबर 2020 में सपा की सदस्यता ले ली थी। तब से वह सपा में सक्रिय हैं पूर्व सांसद अन्नू टंडन का जन्म 15 नवंबर 1957 को जनपद उन्नाव में हुआ। उनकी प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा भी जनपद उन्नाव से पूरी हुई। कांग्रेस में लंबे समय तक सक्रिय रहने के साथ ही उन्होंने 2009, 2014 और 2019 के लोक सभा चुनाव में पार्टी के टिकट से चुनाव लड़ा था, जिसमें 2009 में उन्होंने जीत दर्ज की थी। जबकि, 2014 और 2019 के चुनाव में उन्हें मौजूदा भाजपा सांसद डॉ. सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज से हार का सामना करना पड़ा था समाजवादी पार्टी ने उन्हें पहली बार लोक सभा सीट पर चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। अन्नू के पति स्व. संदीप टंडन भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी थे। नौकरी छोड़ने के बाद रिलायंस इंडस्ट्री में उच्च पद पर कार्यरत रहे थे। अन्नू टंडन के दो पुत्र हैं और दोनों विवाहित हैं। सपा प्रत्याशी पूर्व सांसद अन्नू टंडन बृहस्पतिवार को चंद्रिका देवी मंदिर बक्सर पहुंचकर मंदिर में विराजमान शक्तिपीठ मां अंबिका व मां चंडिका की विधि विधान से पूजन किया जिनके साथ सपा जिला अध्यक्ष राजेश यादव राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील साजन अंकित परिहार ओमप्रकाश पासवान निर्मला वर्मा आदि दर्जनों सपा कार्यकर्ता साथ में थे उसके बाद उन्होंने जगतपुर संग्रामपुर भठ खेरवा गोबरहा भदेवरा तकिया पाटन आदि जगहों पर लोगों से मुलाकात कर समाजवादी पार्टी के विषय में उनके द्वारा किए गए कार्यों को विस्तार पूर्वक जनता को बताया समाजवादी प्रत्याशी को जिताने के लिए कहा।

# प्रयागराज माघ मेले में सब इंस्पेक्टर होंगे सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आद्य शंकराचार्य धर्म संसद माघममेला परिसर प्रयागराज में आगामी 3 एवं 4 फरवरी को आयोजित होने वाले दो दिवसीय राष्ट्रीय प्राकृतिक धर्म मंथन शिविर में प्रकृति संरक्षण के लिए कार्य करने वाले देश प्रदेश के जाने माने पर्यावरण योद्धाओं को मिलने वाले राष्ट्रीय पर्यावरण मित्र सम्मान के लिए जनपद उन्नाव से पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व को उनके उत्कृष्ट पर्यावरण कार्यों हेतु चयन किया गया है । संगम तट पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रकृति संरक्षण पर चर्चा होगी और पर्यावरण मित्रों द्वारा अपने कार्यों को साझा किया जायेगा। इस अवसर पर पर्यावरण कारवीरों को सम्मानित किया जायेगा। पर्यावरणसंरक्षण के लिये उल्लेखनीय योगदान दे रहे पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व ने राष्ट्रीय पर्यावरण मित्र सम्मान के लिए चयनित होकर उन्नाव जिले का नाम रोशन किया है । उत्तर प्रदेश पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर सेवारत एवम उन्नाव पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात अनूप मिश्रा अपूर्व गरीब बच्चों में शिक्षा की अलख जगाने वाले वर्दीधारी मास्टर जी और पर्यावरण संरक्षण कार्यों हेतु ट्री मैन के नाम से अत्यंत लोकप्रिय हैं , वे लगभग 25 वर्षों से सामाजिक कार्यों में जुटे हैं ।पुलिस ड्यूटी के दायित्व को बाखूबी निभाने के साथ साथ सराहनीय सामाजिक सेवा कार्यों के जरिये समाज में खाकी का मान सम्मान बढ़ाने वाले सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व को वर्ष 2019 में स्वतंत्रता दिवस पर तत्कालीन पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश पुलिस ओ. पी. सिंह द्वारा प्रद्दत प्रशंसा चिन्ह सिल्वर मेडल तत्कालीन अपर पुलिस महानिदेशक पी .ए .सी . मुख्यालय विनोद कुमार सिंह द्वारा प्रदान किया गया था ।इसके अलावा ट्री मैन, पर्यावरण प्रहरी , ग्रीन वारियर्स, महात्मा गांधी सेवा रत्न , सोशल ब्रेवरी , यू पी रत्न , राष्ट्रीय शौर्य सम्मान , भारत गौरव , नेशनल यूथ आइकॉन अवॉर्ड के साथ ही कई अवॉर्ड से उन्हें नवाजा जा चुका है । अनूप मिश्रा अपूर्व द्वारा जगह जगह पर्यावरण चौपाल लगा कर लोगों को प्रेरित करके एक लाख से अधिक पौधों को लगाकर उन्हें विराट रूप दिया गया है। बरगद बचाओ अभियान के तहत 200 से अधिक बरगद लगाए गए हैं , पर्यावरण से जुड़े सरोकार हेतु कॉलेज और मोहल्ले में ग्रीन आर्मी और क्लीन आर्मी का गठन किया जाता है ताकि आसपास के वातावरण और परिवेश को सुंदर स्वच्छ और हरा-भरा बनाया जाए। पिछले 20 वर्षों से रक्षाबंधन के पर्व पर पेड़ पौधों को पर्यावरण राखी बांधकर अनूप लोगों को वृक्ष सुरक्षा जन सुरक्षा का संदेश देते आ रहे हैं , जनपद उन्नाव में तैनाती के बाद जनपद को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व द्वारा ग्रीन उन्नाव क्लीन उन्नाव मुहिम चलाई जा रही है। अनूप मिश्रा अपूर्व का मानना है कि पेड़ पौधों की रक्षा में ही हमारी रक्षा है क्योंकि हम सभी अपनी आवश्यकताओं के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पेड़ पौधों पर निर्भर है । पेड़ पौधों में परमात्मा का अंश है इसलिए हम सभी को अधिक से अधिक पौधों को लगाने और उनकी रक्षा के लिए एकजुट होकर आगे आना चाहिए । गरीब बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए भी अनूप मिश्रा द स्ट्रीट क्लासेस चलाते हैं जिनमें बच्चों को निःशुल्क पढ़ने का अवसर प्राप्त होता है और इन बच्चों को कॉपी , किताब , पेन पेंसिल , स्लेट , कलर्स , स्कूल बैग्स आदि शिक्षण सामग्री पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपने वेतन के पैसों से उपलब्ध करवाते हैं। राइट टू एजुकेशन के तहत प्रशासन के सहयोग से उन्होंने अभी तक 10000 से अधिक बच्चों को स्कूल में दाखिला करवाया है । बेटी पढ़ाओ मुहिम के तहत वे अभावग्रस्त परिवार की 5 बेटियों की शिक्षा का खर्च अपने वेतन से उठाते हैं। ट्रीमैन के नाम से मशहूर अनूप मिश्रा द्वारा एक लाख से अधिक पौधे लगाने और सेल्फी विद झोला अभियान के तहत एक लाख से अधिक लोगों को कपड़े या जूट से बने थैलों को उपयोग में लाने के प्रति जागरूक करने का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है । वे लोगों को विवाह, जन्मदिवस आदि अवसर उपहार में पौधा भेंट करते हैं।

प्रयागराज के माघ मेले में पर्यावरणविद डा धर्मेंद्र कुमार ( संयोजक पीपल नीम तुलसी अभियान ) के संयोजन में पर्यावरण संरक्षण क्षेत्र में उल्लेखनीय और उत्कृष्ट कार्य करने वाली देश प्रदेश की जानी मानी हस्तियों के साथ जनपद उन्नाव के पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व को भी सम्मानित किया जाएगा । सब इंस्पेक्टर रीना पाण्डेय और समाज सेवक शिवम तिवारी आजाद ने सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व को मिलने वाले सम्मान के लिए बधाई दी और उनके पर्यावरण व सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए प्रशंसा की।

# मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान लखनऊ ट्रामा सेन्टर में मौत हो गई युवक की मौत से परिजनो में चीख पुकार मच गई मृतक पांच भाईयो में दूसरे नंबर का था जो अविवाहित था कोतवाली क्षेत्र के बह्मना निवासी कुलदीप सिंह 32 वर्ष पुत्र नवरंग सिंह बीती 23 जनवरी को बाइक से सफीपुर आ रहा था तभी हरदोई उन्नाव मार्ग के एसार पेट्रोल पंप के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से जिला अस्पताल भेज गया था हालत में सुधार होता न देख चिकित्सक ने उसे लखनऊ ट्रामा सेन्टर भेज दिया था लगभग एक सप्ताह बाद युवक ने इलाज के दौरान दम तोड दिया युवक की मौत की खबर सुनते ही परिजनो में चीख पुकार मच गई मृतक पांच भाईयो में दूसरे नंबर का था जो अविवाहित था।

चिंतन

# जाति-धर्म की संकीर्णता से बाहर निकलें हम

सर्वोच्च न्यायालय ने भारत की एक बड़ी समस्या जाति-धर्म के उल्लेख की तरफ ध्यान आकृष्ट किया है। उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अदालती मामलों में वादियों की जाति या धर्म का उल्लेख करने की प्रथा बंद होनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने अपनी रजिस्ट्री और अन्य सभी अदालतों को भी इस पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला की पीठ ने सभी उच्च न्यायालयों को निर्देश दिया है कि उच्च न्यायालयों या अधीनस्थ अदालतों के समक्ष दाखिल किसी भी याचिका में पक्षों के मेमो में वादी की जाति या धर्म का उल्लेख नहीं होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश संविधान की आकांक्षा के अनुरूप है, प्रगतिशील है व स्वागतयोग्य है। भारतीय समाज जाति व धर्म की संकीर्णता से जकड़ा हुआ है। संवैधानिक रूप से सभी नागरिक एक समान हैं, सभी को समान मौलिक अधिकार प्राप्त हैं, फिर भी जातिवाद व धर्मवाद भारतीय समाज को खोखला कर रहे हैं। आजादी के करीब 77 साल होने के बावजूद भारत ने कानूनी तौर पर जातिवाद से मुक्ति नहीं पाई है। जातिवाद को खत्म करने की दिशा में आजादी के बाद ही राजनीतिक व सरकारी प्रयास होने चाहिए थे। संविधान में सबको समान अधिकार दे दिए जाने के बाद मान लिया गया कि देश से जातिवाद की कुप्रथा खत्म हो जाएगी। संविधान निर्माता डा. भीमराव आंबेडकर ने खुद एनिहिलिशन ऑफ कास्ट (जाति की विनाश) नाम से पुस्तक लिखी थी और संविधान में मौलिक अधिकारों में सबको समान होने की भावना का समावेश किया था। उन्होंने जातिगत आरक्षण की व्यवस्था भी केवल दस साल के लिए ही की थी, लेकिन वोट बैंक की राजनीति ने जातिगत आरक्षण को अनवरत जारी रखा। आज जातिगत राजनीति के चलते समाज में जातिवाद की जड़ें गहरी होती गई हैं। वोट बैंक के लिए देश में जाति जनगणना को अंजाम दिया गया है। थाने, शिक्षण संस्थान में प्रवेश से लेकर नौकरियों के फार्म भरने, जनगणना व अदालती कार्यवाही तक लोगों की जाति व धर्म का उल्लेख किया जाता है, जो संविधान की भावना का सीधा उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने उचित ही कहा है, 'हमें इस अदालत के समक्ष या किसी भी अधीनस्थ अदालत के समक्ष किसी वादी की जाति या धर्म के उल्लेख का कोई कारण नजर नहीं आता। इस तरह की परिपाटी रुकनी चाहिए और तत्काल बंद होनी चाहिए।' शीर्ष अदालत ने राजस्थान की एक कुटुम्ब अदालत में लंबित एक वैवाहिक विवाद में मामले को स्थानांतरित करने की अनुमति देते हुए आदेश सुनाया है। शीर्ष अदालत ने इस बात पर हैरानी जताई के पक्षों के मेमो में पति और पत्नी दोनों की जातियों का उल्लेख किया गया है। सरकार अगर चाहेगी तो, देश से जातिवाद को खत्म किया जा सकता है। सरकार नाम के साथ जातिसूचक टाइटल लगाने को प्रतिबंधित कर सकती है, आम नागरिक भी स्वेच्छा से अपने व अपने बच्चों के नाम के साथ जातिसूचक टाइटल लगाना बंद कर सकते हैं। कम से कम कोर्ट कचहरी, थाना समेत सभी सरकारी क्रियाकलापों में जाति व धर्म का उल्लेख बंद होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कई बार जातिमुक्त आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की भावना व्यक्त की है। हमें सुप्रीम कोर्ट की बातों को गंभीरता से लेना चाहिए और जाति व धर्म की संकीर्णता से बाहर निकलना चाहिए।



राजनीति
अवधेश कुमार

# नीतीश के जाने से 'इंडिया' को धक्का

नीतीश कुमार का राजद सहित अन्य भाजपा विरोधी दलों के गठबंधन से बाहर आकर फिर भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल होने की यह घटना ठीक लोकसभा चुनाव के पूर्व हुई है। स्वाभाविक ही इसका असर आगामी लोकसभा चुनाव पर होगा और यह केवल बिहार तक सीमित नहीं रह सकता। नीतीश कुमार ने जब अगस्त, 2022 में भाजपा का साथ छोड़ा तो उनका तर्क एक ही था कि वे विपक्ष की एकता कायम करेंगे। नीतीश कुमार के विश्लेषण से आप सहमत हों या असहमत, भाजपा विरोधी मोर्चाबंदी दरक गई है। सच कहा जाए तो नीतीश के पाला बदलने के साथ इंडिया एक स्वस्थ शिशु के रूप में जन्म के पहले ही गर्भ में मृत्यु की ओर बढ़ गया है।

बिहार के राजनीतिक घटनाक्रम में ऐसा कुछ नहीं है जिसमें कोई चौंकाने वाला तत्व तलाशे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सत्ता की राजनीति में पलटने और पलटवाने का ऐसा जुगुप्सापूर्ण प्रतिमान रचा है, जिसकी तुलना राजनीति में किसी भी पाला बदल से नहीं हो सकती। एक ही सरकार के साढ़े तीन वर्ष में तीन बार शपथ लेने का रिकॉर्ड उनके ही नाम होगा। निस्संदेह, इसका भी विश्लेषण होना चाहिए कि वह ऐसा क्यों करते हैं और दोनों प्रमुख पार्टियां भाजपा तथा राजद उनसे नाराज होकर भी फिर क्यों गले लगाते हैं। किंतु इस बार का पाला बदल केवल यही तक सीमित नहीं है। बिहार सहित भारतीय राजनीति के लिए इसके मायने ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। नीतीश कुमार का राजद सहित अन्य भाजपा विरोधी दलों के गठबंधन से बाहर आकर फिर भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल होने की यह घटना ठीक लोकसभा चुनाव के पूर्व हुई है। स्वाभाविक ही इसका असर आगामी लोकसभा चुनाव पर होगा और यह केवल बिहार तक सीमित नहीं रह सकता। नीतीश कुमार ने जब अगस्त, 2022 में भाजपा का साथ छोड़ा तो उनका तर्क एक ही था कि वे विपक्ष की एकता कायम कर आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए काम करेंगे। उन्होंने लगातार इसके लिए कोशिश भी की। भाजपा और नरेंद्र मोदी पर तीखे हमले किए। लंबे प्रयास के बाद जून, 2023 में बिहार की राजधानी पटना में उन्होंने विपक्षी नेताओं की पहली संयुक्त बैठक बुलाने में सफलता पाई। इस पृष्ठभूमि में उनका लोकसभा चुनाव के पहले फिर भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में आने का राष्ट्रीय राजनीति की दृष्टि से निहितार्थ क्या हैं यह बताने की आवश्यकता नहीं।

नीतीश कुमार ने राज्यपाल को अपना त्यागपत्र सौंपने के बाद राजभवन के बाहर पत्रकारों से बहुत कुछ नहीं कहा। बावजूद इतना तो कहा ही कि हमने विरोधी दलों को इकट्ठा करने की कोशिश की, काम करने की कोशिश की, लेकिन कुछ हो ही नहीं रहा था, अच्छा नहीं चल रहा था। यह भी कहा कि बहुत दिनों से तो मैंने बोलना ही बंद कर दिया था। दूसरी ओर दिल्ली में इस समय नीतीश कुमार के विश्वसनीय रणनीतिकार एवं पार्टी के नेता केसी त्यागी ने आईएनडीआईए की अंदरुनी स्थिति और उसमें भी कांग्रेस के व्यवहार पर ज्यादा टिप्पणी की। उनके पूरे वक्तव्य का अर्थ यही था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके नेतृत्व में भाजपा या राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से मुकाबले की आईएनडीआईए में तैयारी तो नहीं ही थी, बल्कि एक दूसरे के विरुद्ध नेता और पार्टियां काम कर रहे थे। इसमें उन्होंने कांग्रेस को सबसे ज्यादा निशाने पर लिया। उन्होंने यहां तक कहा कि हमें मलाल है कि एक मरी हुई कांग्रेस पार्टी को भी हमने नेताओं के दरवाजे जा-जाकर जीवित कर दिया। जिस व्यक्ति ने सबसे पहले विपक्षी एकता की आवाज उठाई, जिसने विचार दिया कि भाजपा के उम्मीदवारों के विरुद्ध विपक्ष का एक उम्मीदवार खड़ा किया जाए तो ये सत्ता से हट जाएंगे, जिसने भाजपा को 150 सीटों से नीचे से सिमटाने की बात की, यदि वही बाहर आ गया तो भाजपा विरोधी दलों या पूरी राजनीति के लिए लोकसभा चुनाव के पूर्व



इससे बड़ा आघात कुछ नहीं हो सकता है? नीतीश और उनके विश्वसनीय सहयोगी आईएनडीआईए (इंडिया) पर इस तरह की टिप्पणियां कर रहे हैं तथा बिहार में उस गठबंधन सरकार से बाहर आने का प्रमुख कारण बता रहे हैं तो इसका मतलब साफ है। यानी 'इंडिया' के नाम पर एक दूसरे के साथ बीच-बीच में बैठने वाले नेता भले बयान जो दें , अंदर न कोई वैचारिकता है और न ही संघर्ष करने की मानसिक तैयारी। इस तरह नीतीश ने स्पष्ट कर दिया है कि आईएनडीआईए में एक दूसरे के प्रति विश्वास और सम्मान का पूरा अभाव है।

नीतीश कुमार के विश्लेषण से आप सहमत हों या असहमत, भाजपा विरोधी मोर्चाबंदी की तस्वीर तो यह है ही। सच कहा जाए तो नीतीश कुमार के पाला बदलने के साथ आईएनडीआईए एक स्वस्थ शिशु के रूप में जन्म के पहले ही गर्भ में मृत्यु की ओर बढ़ गया। ध्यान रखिए नीतीश कुमार के अंदर 2010 से ही हमने राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष के नेतृत्व करने की छटपटाहट देखी है। वो हार मान कर अपनी आकांक्षा को बलि चढ़ा रहे हैं तो यह सामान्य पाला बद् की घटना नहीं है। इस नाते बिहार की घटना के निहितार्थ बहुत बड़े हैं। प्रश्न है कि क्या इस तरह की घटना बिहार तक सीमित रहेगी या किसी न किसी रूप में इसकी प्रतिध्वनि देश के अन्य भागों से भी सुनाई पड़ेगी? कारण, इस घटना के साथ विचारधारा जुड़ी है। नीतीश कुमार ने राजग से अलग होने के बाद भाजपा पर सांप्रदायिकता एवं समाज को तोड़ने का भी आरोप लगाया था। आईएनडीआईए के गठन के पीछे भाजपा विरोधी दल विचारधारा की आवाज उठा रहे थे। नीतीश भी यही कह रहे थे कि ये लोग समाज को तोड़ने वाले हैं। मोदी व भाजपा विरोधी राजनीति को सांप्रदायिकता बनाम सेक्युलरवाद का चरित्र देने की कोशिश थी। इसके साथ कांग्रेस सहित कई पार्टियों ने लोकतंत्र और संविधान बचाने की बात की और राहुल गांधी लगातार यही बोल रहे हैं। नीतीश का पाला बदलना साबित करता है कि मोदी और भाजपा विरोध के पीछे विचारधारा कारक था ही नहीं। तो आगे भी यह नहीं होगा। यही सच भी है। कांग्रेस सहित ज्यादातर विपक्षी दलों ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा निमंत्रण को ठुकरा कर यही संदेश देने की कोशिश की कि हम भाजपा के यानी सांप्रदायिकता के साथ नहीं है। दूसरी ओर प्राण प्रतिष्ठा ने संपूर्ण भारत को जिस तरह एकाकार किया, शहर-शहर, गांव-गांव में रामायण पाठ से लेकर रामधुन की गूंज सुनाई दी, शोभायात्रा निकली और दीपावली मनाई गई, वह प्रमाण है कि विपक्ष की तथाकथित विचारधारा के साथ देश का बहुमत नहीं है। बहुमत हिन्दुत्व के साथ है और उसे विपक्ष की राजनीति स्वीकार नहीं है। नीतीश कुमार को 22 जनवरी के बिहार को देखने के बाद इसका सम्पूर्ण एहसास हो गया होगा। कारण, बिहार में ऐसा कोई शहर और गांव नहीं जहां अयोध्या की प्राण प्रतिष्ठा से जुड़े कार्यक्रम नहीं हुए। हर पार्टी के अंदर ऐसे लोग खड़े हुए जिन्होंने अपने नेताओं द्वारा प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकराने को गलत कहा। कॉन्ग्रेस के कई नेता तो सामने आकर इसके विरोध में वक्तव्य देने से भी नहीं चुके। नीतीश कुमार के निर्णय के पीछे प्राण प्रतिष्ठा भी एक प्रमुख कारक है। देश के राममय और हिंदुत्वमय वातावरण के दबाव में राजनीति के आने का अर्थ हुआ कि आने वाले समय में विपक्षी एकता की हवा और निकलेगी तथा भाजपा संग का आकर्षण बढ़ेगा। संभव है दूसरे राज्यों में भी भाजपा नेतृत्व वाले गठबंधन की ओर कुछ दल और नेता आएं। पंजाब में शायद मूल अकाली दल के साथ गठबंधन हो जाए। संभव है कि महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के साथ की शिवसेना में भी टूट हो। तमिलनाडु भी इससे वंचित नहीं रह सकता। निश्चित मानिए आने वाले समय में तमिलनाडु में भी कुछ दल भाजपा के साथ आएंगे तो कुछ नेता विरोध परित्याग कर चुनाव में गठबंधन करने की कोशिश करेंगे।

शिक्षा व्यवस्था
अलका आर्य



# कोचिंग सेंटरों पर अंकुश कितना प्रभावी होगा!

देश का कोई छोटा कस्बा हो या बड़ा शहर, छोटी बस्ती हो या पॉश इलाका, अक्सर यहां पर एक सामान्य दृश्य जो नजर आता है, वह है छात्रों की भीड़ और कोचिंग संस्थानों के लटकते बोर्ड। जैसे ही नया शैक्षाणिक सत्र शुरू होता है, उसके समानांतर ही कोचिंग संस्थानों के इश्तहार व होर्डिंग अपनी-अपनी जगह पर सज जाते हैं। कोचिंग संस्कृति, कोचिंग बाजार की पकड़ भारत में बहुत मजबूत है। यह मौजूदा शिक्षा प्रणाली पर एक बहुत बड़ा सवाल है। नई शिक्षा नीति 2020 में साफ कहा गया है कि बोर्ड परीक्षा और प्रवेश परीक्षा सहित माध्यमिक स्कूल परीक्षाओं की वर्तमान प्रवत्ति और आज की कोचिंग संस्कृति विशेष रूप से माध्यमिक विद्यालय स्तर पर बहुत नुकसान कर रही है। इनके चलते विद्यार्थी अपना कीमती समय सार्थक अध्ययन की बजाए परीक्षाओं की तैयारी और परीक्षा कोचिंग करने में खर्च कर रहे हैं।' राजस्थान का कोटा शहर जोकि इंजीनियरिंग व मेडिकल की प्रवेश परीक्षा का कोचिंग हब है, वहां बीते साल 2023 में 28 छात्रों ने पढ़ाई के तनाव के चलते आत्महत्या कर ली थी। देश में गाहे-बगाहे कोचिंग संस्थानों पर छात्रों पर पढ़ाई का अनावश्यक दबाव बनाने का आरोप लगाया जाता है और इसके साथ ही ऐसे संस्थान प्रतियोगिता की मौजूदा होड़ का समाधान देने का भी दावा करते हैं। बहरहाल केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने नई शिक्षा नीति के मद्देनजर व समाज के एक तबके की आवाज को महत्व देते हुए हाल में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मुल्क में कोचिंग संस्थान 16 साल से कम आयु के बच्चों को अपने यहां दाखिला नहीं दे सकेंगे। कोचिंग में नामांकन सेकंडरी यानी 10वीं कक्षा की परीक्षा के बाद ही हो सकेगा। ऐसे संस्थान बच्चों के नामांकन के लिए अभिभावकों को भ्रामक वादे, रैंक या अच्छे अंक की गारंटी नहीं दे सकेंगे। कोचिंग संस्थान अपनी गुणवत्ता, सुविधाओं या अपने यहां पढ़े छात्रों के परिणामों के बारे में प्रत्यक्ष या परोक्ष दावा भी नहीं करेंगे। ऐसे कई दिशा-निर्देश केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने हाल ही में देशभर में संचालित हजारों कोचिंग केंद्रों के लिए जारी किए हैं। कोचिंग केंद्र के पंजीकरण एवं विनियमन हेतु दिशा-निर्देश 2024' नाम से जारी गाइडलाइन में कई अहम बातों का उल्लेख है। दिशा-निर्देश के मुताबिक कोचिंग संस्थान स्नातक से कम योगयता वाले शिक्षक नहीं रख सकेंगे। पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा और इसके बाद ही कोचिंग शुरू हो सकेगी। छात्रों के लिए जरूरी जगह व संसाधन नहीं है तो पंजीकरण नहीं होगा। सभी पंजीकृत छात्रों को नोट्स व पाठ्यसामग्री बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के देनी होगी। स्कूल समय अवधि में कोचिंग नहीं होगी। ऐसी डमी स्कूलों से बचने के लिए है। छात्रों के टेस्ट के परिणाम सार्वजनिक नहीं करेंगे। इंजीनियरिंग, मेडिकल के अलावा अन्य विकल्प बताने होंगे।

नई शिक्षा नीति में भी ऐसा जिक्र है-ये परीक्षाएं विद्यार्थियों को चुनाव के विकल्पों में लचीलापन जो कि भविष्य की व्यक्ति केंद्रित शिक्षा प्रणाली में बहुत महत्वपूर्ण होगा-देने के बजाए उन्हें किसी खास स्ट्रीम में संकुचित दायरे में ही तैयार करने के लिए मजबूर करती है।' दिशा-निर्देशों के उल्लघंन पर आर्थिक दंड का भी प्रावधान किया गया है। शिक्षा विभाग की दलील ऐसे दिशा-निर्देशों को जारी करने के पीछे यह है कि छात्रों की आत्महत्या के बढ़ते मामलों, कक्षाओं में आग लगने की घटनाओं व कोचिंग सेंटरों में सुविधाओं की कमी है। मंत्रालय ने कहा है कि इसका मकसद संस्थानों को विनियमित करने के लिए कानूनी ढांचे की जरूरत पूरी करना और इसकी बढ़ती संख्या रोकना है। क्या ऐसे दिशा-निर्देश प्रभावी होंगे। क्या यह व्यावहारिक बदलाव लाएंगे या 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों को मिलने वाली कोचिंग का मौजूदा स्वरूप नया रूप ले लेगा। शिक्षा मंत्रालय, विभाग को इस पर गहन मंथन बहुत पहले ही करना चाहिए था कि आखिर बच्चों, किशोरों को स्कूल से बाहर कोचिंग, ट्यूशन की जरूरत क्यों पड़ती है? अब क्या जमीनी स्तर पर 16 साल से कम आयु के छात्र कोचिंग संस्थानों में पढ़ते हुए नजर नहीं आएंगे।


# जीवन बना और बिगाड़ सकती है ये चीजें



संकलित
दर्शन

आम आदमी अपने दिन का पूरा समय इन दो जगहों पर बिताता है वो है घर या फिर दफ्तर में। जैसी व्यक्ति की संगति होती है वैसी ही उसकी मति हो जाती है। इसलिए जरूरी होता है कि व्यक्ति हमेशा अपने लिए सही वातावरण चुनना चाहिए, जिससे वह सही पथ पर चले। आचार्य प्रशांत के अनुसार, एक व्यक्ति किस आधार पर विवाह करता है या फिर कैसी संगति चुनता है। यह महत्व की बात है कि वह व्यक्ति किसके साथ रह रहा है। आप चाहे विवाह करके रह रहे हो या फिर बिना विवाह करके अपना जीवन व्यय कर रहा हो। ऐसे में व्यक्ति को जरूर हमेशा याद रखना चाहिए कि वह अपने जीवनसाथी का चयन किस आधार पर कर रहा है। हर एक छोटी बात जैसे कि वह व्यक्ति अब से लगातार मेरे कमरे में रहेगा? किसके शब्द लगातार पड़ने लग गए हैं तुम्हारे कानों में? इन चीजों को याद करके ही निर्णय लेना चाहिए। क्योंकि इसी बात पर तुम्हारी जिंदगी या तो बन जाएगी या बिल्कुल बर्बाद हो जाएगी। आचार्य प्रशांत आगे कहते हैं कि यहीं बात दफ्तर के लिए है कि दिन के आठ से दस घंटे आप किन लोगों की शक्लें देखते हैं या आर अपना बॉस बोलते हो, वो यूं ही है कोई सड़क का आदमी जो तुम्हारी जिंदगी पर अब अधिकार रखने लग गया है तो तुम बर्बाद हो जाओगे। यही बात दफ्तर के माहौल पर और धंधे की प्रकृति पर लागू होती है। तुम्हारी संस्था किस तरह का व्यवसाय करती है और तुम्हारे काम में किस तरह के लोग लगे हुए हैं?


# कपड़े की उपयोगिता दिखावे के लिए नहीं



संकलित
प्रेरणा

संत कबीर रोज अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। कबीर जी के उपदेश सुनने एक धनी व्यक्ति भी आता था। धनी व्यक्ति कबीर दास जी से बहुत प्रभावित था। एक दिन उस धनी व्यक्ति ने देखा कि कबीर दास जी जो कुर्ता पहनते हैं, वह बहुत पुराना हो गया और कुर्ता बहुत ही सामान्य कपड़े से बना था। अगले दिन धनी व्यक्ति एक मूल्यवान कुर्ता लेकर पहुंचा और कबीर दास को उपहार में दे दिया। कुर्ता मखमल से बना था। बाहर की ओर से कुर्ता मखमली था और अंदर की ओर उसमें सामान्य कपड़ा लगा था। धनी व्यक्ति ने सोचा था कि अब कबीर दास जी उसका दिया हुआ कुर्ता पहनेंगे। अगले दिन जब वह व्यक्ति फिर से कबीर दास जी के पास पहुंचा तो उसने देखा कि कबीर जी ने उल्टा कुर्ता पहना है। दरअसल, कबीर दास जी के कुर्ते का मलमल वाला हिस्सा अंदर की ओर था और बाहर सामान्य कपड़ा दिख रहा था। उस धनी व्यक्ति ने कबीर जी से पूछा कि ये आपने क्या किया? आपने तो कुर्ता उल्टा पहना है? सभी लोगों ने भी कबीर दास जी से पूछा कि कुर्ता मूल्यवान है तो आपने इसे उल्टा क्यों पहना है? कबीर जी ने कहा कि ये कुर्ता देखकर मैंने सोचा कि मखमल शरीर को स्पर्श होगा तो शरीर को ज्यादा बेहतर लगेगा, क्योंकि ये कपड़ा तो शरीर के लिए ही हैं। दिखाने के लिए तो साधारण हिस्सा ही काफी है। दूसरों को हमारे कपड़ों से क्या लेना-देना?

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नशे को न कहें युवा

नशा नासूर बन गया है। देश के विकास में युवा वर्ग का सबसे बड़ा योगदान होता है। स्वस्थ और तंदरुस्त युवा देश के विकास को रफ्तार दे सकते हैं। लेकिन बहुत अफसोस की बात है कि आज भारत के कुछ युवा नशे के आदी होकर अपनी जिंदगी को नरक बना रहे हैं। नशा, नाश का दूसरा नाम है। जिसने भी नशे का दामन एक बार पकड़ लिया उसे नशा मौत के मुंह तक तो ले ही जाता है। साथ ही उसके घर परिवार का भी कई बार नाश कर देता है। नशा इनसान को हैवान भी बना देता है। हैवानियत के कारण नशेड़ी इनसान अपने घर-परिवार के सदस्यों के साथ, यहां तक कि अपने बच्चों के साथ भी क्रूरता भरा व्यवहार करने से गुरेज नहीं करता है। नशा युवा पीढ़ी को कमजोर करता है, इसलिए नशे को न कहें।

*- विकास उपाध्याय, भिलाई*

## ट्रेंड

### परीक्षा पर चर्चा



प्रधानमंत्री का परीक्षा पर चर्चा के माध्यम से छात्रों से ये सातवां संवाद है जो तनावमुक्त, भयमुक्त और सकारात्मक प्रभाव डालते हुए हर परिस्थिति का सामना करने और जीतने की प्रेरणा देता है। छात्रों को दिए गए उनके मंत्र उनके विवेक को बढ़ाएंगे।

-पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री

### गुस्सा पैदा हो रहा



युवा से पूछिए कि वे क्या करना चाहते हैं? वे बताएंगे कि रोजगार चाहिए। सच्चाई ये है कि आज हिंदुस्तान में युवाओं को रोजगार नहीं मिल सकता है। युवा सपनों को पूरा नहीं कर पा रहे, जिसके कारण उनके दिल में नफरत और गुस्सा पैदा हो रहा है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### इंसान से गलती



हम सभी गलतियां करते हैं। कभी-कभी अच्छे लोग गलत चुनाव कर लेते हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि वे बुरे हैं, इसका मतलब है कि वे इंसान हैं और इंसान से ही गलती होती है।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

### जन्म सिद्ध हुआ



दर्शन पाकर एक जन्म सिद्ध हुआ, राम प्रकट हुए इस युग में, यह युग भी सिद्ध हुआ, ऐसी शुभ घड़ी जैसे जगत का कल्याण हो रहा, मनुष्यों, जीवों में सदभावना हो रही। सत्य निष्ठा पूर्ण प्रार्थनाओं का श्रव्य महादेव तक हो रहा हो।

-कैलाश खेर, गीतकार

## करंट अफेयर

# मुइज्जू के खिलाफ विपक्ष महाभियोग लाने तैयार

मालदीव की संसद में बहुमत रखने वाला मुख्य विपक्षी दल एमडीपी राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पर महाभियोग चलाने के लिए प्रस्ताव रखने की तैयारी कर रहा है। खबरों में यह दावा किया गया। इससे पहले रविवार को संसद में सरकार समर्थक सांसदों और विपक्षी सांसदों के बीच चीन समर्थक राष्ट्रपति के मंत्रिमंडल के चार सदस्यों की मंजूरी पर मतभेदों को लेकर विवाद हो गया था। मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) और डेमोक्रेट्स संसदीय समूह ने मतदान से पहले राष्ट्रपति मुइज्जू के मंत्रिमंडल के चार सदस्यों के लिए संसदीय मंजूरी को रोकने का फैसला किया,



## ऑफ बीट

# जिनकी हम परवाह करते हैं यह संख्या सीमित हैं

जीवन यापन की लागत का संकट, कोविड, जलवायु परिवर्तन और कई वैश्विक संघर्षों और शरणार्थी संकटों के बीच जब इन सबके कारण परेशान होने वाले लोगों के बारे में सोचते हैं, तो हम यह कैसे तय करें कि हमें अपनी करुणा को कहाँ निर्देशित करना है? एक ऐसी दुनिया में जो तेजी से खंडित होती जा रही है, हम यह पता लगाना चाहते थे कि क्या लोग 'हम' और 'वह' के बीच विभाजन को पाट सकते हैं - दूसरों की मदद करने की इच्छा की भावना को बढ़ाने के लिए, जो आम तौर पर उनके 'नैतिक दायरे' से परे होते हैं।



## संक्षेप

### अमेठी में सड़क हादसे में एक युवक की मौत

**गंभीर हालत में एक जिला अस्पताल रेफर, बाजार से लौट रहे थे; पेड़ से टकराई बाइक**

अमेठी जिला, शाम तेज रफ्तार बाइक सवार दो युवक सड़क किनारे पेड़ से टकरा गए। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस की मदद से अमेठी सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे की हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अमेठी कोतवाली क्षेत्र के कोहरा मिसरन का पुरवा गांव के पास का है। जहां तेज रफ्तार बाइक सवार दो युवक सड़क किनारे स्थित पेड़ से टकरा गए। हादसा इतना जबरदस्त था कि बाइक के परखचे उड़ गए और खून से लथपथ दोनों युवक बीच सड़क तड़पने लगे। टक्कर की आवाज सुन मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पीआरवी मौके पर पहुंची और हेड कॉन्स्टेबल राकेश कुमार ने अपनी टीम के साथ दोनों घायलो को एम्बुलेंस की मदद से अमेठी सीएचसी पहुंचाया। अमेठी सीएचसी में डॉक्टरों ने 23 वर्षीय युवक धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा को मृत घोषित कर दिया। जबकि 28 वर्षीय रवि गुप्ता को प्राथमिक इलाज कब बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल युवक रवि गुप्ता अमेठी कस्बे के मालिन टोला का रहने वाला है। जबकि मृतक धीरेंद्र विश्वकर्मा ढोड़ी का पुरावा गांव का रहने वाला था।अमेठी एसएचओ अरुण द्विवेदी ने विधिक कार्रवाई करनी शुरू कर दी है।

### सुलतानपुर में एक ही गांव से 2 लड़कियां गायब

**अलग-अलग तारीखों में हुईं गुमशुदा, दोनों के पिता ने गांव के युवकों पर लगाया आरोप**

सुलतानपुर, सुल्तानपुर के बल्दीराय तहसील क्षेत्र के एक ही गांव में दो लड़कियों के लापता होने से हड़कंप मच गया है। दोनों अलग-अलग तारीखों में गायब हुई हैं। पुलिस ने पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लड़कियों के बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। बल्दीराय थाना क्षेत्र के एक गांव की 17 वर्षीय किशोरी लापता हो गई। उसको गांव के ही विजय पर बीते 11 जनवरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप है। काफी खोजबीन के बाद भी जब किशोरी का पता नहीं चला तो मामले में लड़की के पिता ने पुलिस में केस दर्ज कराया है। दूसरी घटना भी उसी गांव की है। बीते 21 जनवरी को गांव का ही असोनी की एक 17 वर्षीय किशोरी को भगा ले गया। लड़की के पिता ने पुलिस को तहरीर दी है। बल्दीराय थानाध्यक्ष आरबी सुमन ने बताया कि केस दर्ज किया गया है। पुलिस इस मामले में हर पहलू पर जांच कर रही है। लड़कियों की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# कौशल प्रशिक्षण केन्द्र चाकूजोत का सीडीओ ने किया निरीक्षण

**छात्र-छात्राओं को वितरित किया स्टेशनरी किट व ड्रेस**

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन अन्तर्गत जनपद में प्रदाता रामा इन्फोटेक प्रा.लि. द्वारा चाकूजोत में संचालित आवासीय कौशल प्रशिक्षण केन्द्र का मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि प्रशिक्षण केन्द्र पर कुल 80 प्रशिक्षु जिसमें 45 बालक व 35 बालिका प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। निरीक्षण के समय आवासित सभी 80 प्रशिक्षु उपस्थित पाये गये। सीडीओ ने आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण कर आवासीय व्यवस्था के साथ कक्ष-कक्षों का निरीक्षण कर निर्देश दिया कि



स्थानीय आवश्यक्ताओं को मद्देनजर रखते हुए छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जाये ताकि उनका बेहतर से बेहतर प्लेसमेन्ट हो सके। प्रशिक्षण केन्द्र के निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने आवासीय प्रशिक्षुओं को स्टेशनरी व ड्रेस का वितरण किया तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं से रू-ब-रू होते हुए केन्द्र की व्यवस्थाओं, सुरक्षा व्यवस्था, खान-पान, प्रसाधन इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। सीडीओ ने छात्राओं की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि मन लगा कर प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वयं स्वावलम्बी बनने के साथ-साथ दूसरी महिलाओं को भी प्रेरित करें। इस अवसर पर संयुक्त खण्ड विकास अधिकारी राधेश्याम, जिला कौशल प्रबन्धक रविशंकर पाठक जिला कार्यकम प्रबन्धक भानु प्रताप, सेन्टर प्रबन्धक ललित सहित सहित कौशल प्रशिक्षक मौजूद रहे।

# राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ सम्पन्न हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु निर्वाचन व्यय अनुवीक्षा के लिए विभिन्न सेवाओं एवं साम्रगी हेतु प्रस्तावित दर सूची के अन्तिम रूप प्रदान किये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट स्थित अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव के कक्ष में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रस्तावित दर की सूची उपलब्ध कराते हुए अपेक्षा की गयी कि प्रस्तावित दर की सूची के सम्बंध में अपनी आपत्ति एवं सुझावों से जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराये ताकि प्रस्तावित दर सूची को अन्तिम रूप प्रदान किया जा सके। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा सुझाव प्राप्त हुए कि सभी सामग्रियों हेतु निर्धारित दर पूर्णांक में किया जाय।



इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण, अभिहित अधिकारी विनोद कुमार शर्मा, सचिव मण्डी धनन्जय सिंह, एआरटीओ (प्रशासन) राजीव कुमार, (प्रवर्तन) ओ.पी. सिंह, सहायक निर्वाचन अधिकारी शिखा श्रीवास्तव, सहायक अभियन्ता लोकनिर्माण अंकित वर्मा, अंकुर मौर्य व अन्य अधिकारी, भाजपा से सुनील श्रीवास्तव, सपा से जफर उल्लाह खां बंटी, बसपा से सत्य नारायण रावत, अपना दल से गिरीश पटेल, कांग्रेस से गोपीनाथ सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# शिक्षकों का संदर्शिका आधारित प्रशिक्षण प्रारंभ

**शिक्षकों को बताई गई भाषा शिक्षण की रोचक विधियां**

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। विकास क्षेत्र नवाबगंज के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों का चार दिवसीय प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधन केंद्र बाबागंज में प्रारंभ किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा के निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिवस संदर्भदाता विपिन सिंह, राकेश मौर्या, सुनील कुमार व अमित कुमार ने प्रतिभागियों को आधार शिला क्रियान्वयन संदर्शिका आधारित शिक्षण रणनीतियों की जानकारी दी इस दौरान चालू शैक्षिक सत्र की शैक्षिक रणनीतियों के साथ- साथ राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2022 की जानकारी दी गई। इस दौरान प्रतिभागियों को समूह कार्य एवं गतिविधियों के माध्यम से शिक्षण को रोचक बनाने के तरीके भी बताए गए। इस मौके पर शिक्षक विनोद गिरि, वैभव सिंह, सर्वेश पाठक, शैलेन्द्र वर्मा, सुग्रीव वर्मा, स्वामी दयाल, रेखा वर्मा, दिलीप कुमार, पप्पू यादव, अंकुर वर्मा, अजय वर्मा, पवन शुक्ला सहित सैकड़ो लोग उपस्थिति रहे।



# इमलिया माइनर नहीं खुलने से सूखने लगी किसानों की फसल

**कर्मचारियों की लापरवाही से नहीं होती है अच्छी पैदावार**

**कैसे बड़ेगी किसानों की दोगुनी आय**

अमन लेखनी सामाचार

ललितपुर। सरकार किसानों की दो गुनी आय का सपना भले ही दिखा रही हो पर सिंचाई विभाग के जिम्मेदार अधिकारीयों की मनमानी से किसान आए दिन कर्ज में फसता जा रहा है रवि की फसल में किसान कर्ज लेकर फसल की मन लगाकर बुआई करते है पर फसलों की सही समय पर पर सिंचाई नही होनी से पैदावार में बहुत कमी होती है बांधों का जिला कहे जाने वाले जिला में गोविंद सागर बांध से निकली दाई नहर से निकली इमलिया माइनर से रजवारा खड़ोबरा धोबन खेरी, इमलिया आदि गांव हजारों किसान नहर के संसाधन से खेती करते है माइनर को समय अनुसार नहीं संचालित करने से किसानों की फसलें सूखने लगी हैं जिससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें दिखने लगीं है सिंचाई विभाग के ज़िम्मेदार अधिकारी किसानों सरकार की मंशा के खिलाफ कार्य करते है सूबे की सरकार भले ही किसानों को दो गुनी आय के सपने दिखा रही हो पर सिंचाई विभाग के अधिकारी माइनर को समय से नहीं खोलने पर किसानों को प्रती वर्ष कर्ज में डूबा देने का काम करते है इमलिया माइनर से हजारों किसानों की फसल सूखने से गांव गांव में सिंचाई विभाग के खिलाफ आक्रोश बड़ता जा रहा है जिला अधिकारी से क्षेत्र के किसानों ने तत्काल माइनर खोले जाने की मांग की है।

# हार्ट वैलनेस सेंटर का कार्डियोलॉजिस्ट ने फीता काटकर किया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। हार्ड वैलनेस सेंटर लखनऊ के मेदांता हॉस्पिटल के हार्ट चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मोहम्मद तारिक अली ने फीता काटकर शुभारंभ किया। शबनम हॉस्पिटल नवीन गल्ला मंडी कैसरगंज में हार्ट वेलनेस सेंटर का फीता काटकर डॉक्टर मोहम्मद तारिक अली कार्डियोलॉजिस्ट पूर्व चिकित्सा अधिकारी मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ ने शुभारंभ किया। डॉक्टर तारिक अली ने बताया कि हार्ट रोगियों को अब लखनऊ के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उनके लिए हर हफ्ते मैं और मेरे टीम के सभी लोग शबनम हॉस्पिटल कैसरगंज में अपनी खिदमत का अंजाम देंगे और हार्ट रोगियों के लिए खुशी की बात यह है कि उन्हें समय-समय पर उपचार के साथ-साथ बेहतर सुझाव निशुल्क दिए जाएंगे, जो की मानव जीवन के लिए निहायत काबिले तारीफ है। एमडी कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर तारिक अली ने बताया कि हार्ट रोगियों को ठंडक के दिनों में गुनगुने पानी का इस्तेमाल लगातार करना चाहिए और चिकनी तली भुनी चीजों का सेवन कम से काम करना चाहिए। इस मौके पर शबनम हॉस्पिटल के मैनेजर अश्वनी कुमार वर्मा मोहम्मद समद खान रवि प्रजापति अफजल रजा कादरी अफजल बदलू प्रसाद मिश्रा मीनू राव समरीन कुलदीप यादव आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# चोरी के माल सहित मुर्तिहा पुलिस ने चोर को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




बहराइच। चोरी का खुलासा करते हुए मुर्तिहा पुलिस ने चोरी का सामान बरामद कर अभियुक्त को जेल भेज दिया है। मुर्तिहा थाना क्षेत्र के एक विद्यालय में हुई चोरी का खुलासा करते हुए चोरी गये सामान के साथ चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।थाना कोतवाली मुर्तिहा के अन्तर्गत ग्राम मधवापुर के परसीपुरवा के लक्ष्मी देवी इण्टर कालेज में मंगलवार की रात को चोरों ने विद्यालय से पंखा सीसीटीवी कैमरे आदि विभिन्न सामान चोरी कर ले गये थे। सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरी का पता लगा रही थी। मुखविर की खास सूचना पर थानाध्यक्ष मुर्तिहा अमितेन्द्र सिंह की टीम ने चोरी का खुलासा करते हुए सोनू कुमार मौर्य पुत्र राम बालक मौर्य निवासी बैकुंठ नगर गंगापुर को विद्यालय से चोरी हुये 6 सीसीटीवी कैमरे 4 पंखे तथा 1 स्पीकर के साथ चोरी के माल सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# पुलिस और आवकारी विभाग को चुनौती बना कच्ची शराब पर अकुंश लगाना

**कारोबारियों को नहीं है विभाग का भय खुलेआम बिकती है सार्व जनिक स्थानों पर कच्ची शराब**

अमन लेखनी सामाचार

ललितपुर। कच्ची एवम अवैध शराब कारोबारियों पर पुलिस अधीक्षक ने छापामार गैंगस्टर की कार्यवाही करने हेतु निर्देश जारी कर दिए हो वहीं पर ग्रामीण क्षेत्रों में खुली देशी शराब की अवैध विक्री का कारोबार आए दिन बड़ता जा रहा है जो पुलिस और आवकारी विभाग को चुनौती बनता जा रहा है नशे के कारोबारियों का पुलिसिया विभाग से खासा समन्वय होने से सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम विक्री की जाती है यह कारोबार आए दिन बड़ता जा रहा है ज़िम्मेदार कार्यवाही से पीछे हट से



**कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं**

दलालों , सेल्समैनों की मिली भगत से शराब अब शराब बेचने के नाम पर कारोबारी हजारों रुपए प्रति माह की वसूली की जा रही है कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रजवारा बिरारी कल्याणपुरा, झरकोंन पनारी आदि में मुख्य सड़क एवम सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम कच्ची शराब का कारोबार बड़े पैमाने पर किया जा रहा है जिस पर अंकुश लगाना पुलिस और अवकारी विभाग को चुनौती पूर्ण नजर दिखाई देता है कई स्थानों पर कई वर्षों से करते चले आ रहे कच्ची शराब का कारोबार बड़े पैमाने पर किया जा रहा है जिससे शराब कारोबारी के हौसले बुलंद होने पर ग्रामीण क्षेत्रों में अराजकता का माहौल बढ़ता जा रहा है संभ्रांत व्यक्तियों को रात्री के समय गलियों से निकलना मुश्किल पड़ जाता है पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुस्ताक ने कच्ची शराब कारोबारियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई करने के कड़े निर्देश दिए पर क्षेत्रीय पुलिस द्वारा शराब कारोबारियों पर बिना कोई कार्यवाही कर छोड़ दिया जाता है।

# ठंड में रखें हार्ट का ख्याल

**अस्पताल में बढ़े हार्ट अटैक, अस्थमा, श्वास और ब्रेन स्ट्रोक के मरीज, डॉ. बोले- सावधानी सबसे जरूरी**

अमन लेखनी सामाचार

मिल्कीपुर, हार्ट और अस्थमा मरीजों के लिए ठंड घातक साबित हो सकती है। सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज में अस्थमा और हार्ट अटैक के मरीजों के साथ लकवे के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। इसके अलावा बच्चों में सर्दी-खांसी और वायरल का असर दिख रहा है। फिजिशियन डॉ. अरविंद मौर्य ने बताया कि ठंड के दिनों में हार्ट अटैक की अधिक संभावना होती है। दरअसल ठंड की वजह से धमनियों में खून का बहाव कम हो जाता है। इस वजह से हार्ट मरीजों को अटैक का खतरा होता है। सुबह और शाम के वक्त तापमान में होने वाला परिवर्तन अस्थमा मरीजों के लिए घातक साबित हो सकता है। अस्पताल में 30 से 40



मरीज प्रतिदिन आ रहे हैं। इसलिए अस्थमा पेशेंट को अपना खास ख्याल रखना चाहिए। इन दिनों ब्लड प्रेशर पर कंट्रोल बेहद जरूरी है। ब्लड प्रेशर बढ़ने से मरीज को लकवे की संभावना होती है। खासकर ठंड के दिनों में लकवे के पेशेंट बढ़ जाते हैं। लकवे या हार्ट की समस्या के मामूली लक्षण भी घातक हो सकते हैं। इसलिए किसी भी तरह के लक्षण दिखने पर मरीज को चिकित्सकीय सलाह जरूरी लेनी चाहिए। सरकारी अस्पतालों के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के निजी अस्तपाल और क्लीनिकों में मौसमी बीमारियों के मरीजों की खासी भीड़ बनी हुई है। खासतौर पर शिशु रोग विशेषज्ञों की क्लीनिकों में सर्दी-खांसी और बुखार से पीड़ित बच्चों की लम्बी कतार देखी जा सकती है। निजी क्लीनिकों में वायरल के अलावा एलर्जी, फंगल इंफेक्शन, एग्जिमा के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। हृदय रोगियों के लिए सलाह, हृदय रोगी सुबह अचानक बिस्तर से बाहर न आए, बीपी-कोलस्ट्राल की नियमित जांच कराएं, भोजन में नमक का इस्तेमाल कम करें, हृदय रोगी धूम्रपान न करें। मानसिक तनाव न लें, हृदय रोगी हमेशा गर्म कपड़े पहनकर रहे, सुबह घूमने से बचें, हल्की धूप में घर से निकलें। वायरल पेशेंटों को खांसते-छींकते समय मुंह को ढंक लेना चाहिए। खाद्य सामग्रियों को इस्तेमाल से पहले अच्छे से धो लें।

# मिल्कीपुर तहसील परिसर में किसानों ने किया प्रदर्शन

**तहसीलदार को सौंपा 14 सूत्रीय ज्ञापन, 300 यूनिट बिजली मुफ्त दिए जाने की मांग**

अमन लेखनी सामाचार

मिल्कीपुर, मिल्कीपुर तहसील परिसर में धरने पर बैठे किसानों ने विभिन्न मांगों को लेकर तहसीलदार को 14 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। नव भारतीय किसान संगठन आराजनैतिक से जुड़े किसानों ने जिलाध्यक्ष शिवशंकर मिश्रा के नेतृत्व में धरना दिया। मिल्कीपुर तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह को दिए अपने ज्ञापन में किसानों ने सरकार से विभिन्न मांग की। एमएसपी पर कानून बनाए, पूरे देश में किसानों का कर्ज



माफ किया जाए, मनरेगा योजना को खेती किसानी से जोड़ा जाए, किसान दुर्घटना राशि 5 लाख की जाए, किसानों को बच्चों को स्नातक तक मुक्त शिक्षा प्रदान की जाए, गन्ना समर्थन मूल्य बढ़ाया जाए, आवारा पशुओं से खेती को बचाया जाए, वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन के सत्यापन के नाम पर रोकी गई पेंशन को बहाल किया जाए तथा 300 यूनिट बिजली किसानों को मुफ्त दिए जाने की प्रमुख रूप से मांग किया।

# जेट्रोफा का फल खाने से छह बच्चे हुए बीमार

**अचानक उल्टी एवं पेट दर्द होने से मचा हड़कंप; जिला अस्पताल में बच्चों का चल रहा इलाज**

अमन लेखनी सामाचार



अयोध्या, अयोध्या जनपद के बीकापुर थाना क्षेत्र के चवरढार गांव में जेट्रोफा का फल खाने से छह बच्चे बीमार हो गए। सभी बच्चे परिषदीय विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने गए थे। सभी बच्चों को अचानक उल्टी एवं पेट दर्द होने लगा। जिसे बाद परिजनों ने बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल भेज दिया गया है । कोतवाली क्षेत्र के चवरढार गांव के रहने वाले धर्मेंद्र 10 वर्ष पुत्र राजेंद्र निषाद तथा अनुराग 9 वर्ष पुत्र विनोद कुमार , राम मनोहर 8 वर्ष पुत्र श्रीचन्द , आरती पुत्री रघुवीर 10 वर्ष , सूर्य 13 वर्ष पुत्र कामराज तथा खेमासराय गांव के रहने शगुन 12 वर्ष पुत्र शिवकुमार सोमवार को विद्यालय पढ़ने आए थे। दोपहर अवकाश के दौरान बच्चों ने जेट्रोफा के फल का सेवन कर लिया । जिससे शाम होने तक बच्चों को उल्टी एवं पेट दर्द होने लगा । जिस पर परिजनों द्वारा उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर में भर्ती कराया गया।

# रामलला के 20.5 लाख भक्तों ने किए दर्शन

**सोमवार को सबसे कम 1.75 लाख श्रद्धालुओं ने भगवान का आशीर्वाद लेने पहुंचे**

अमन लेखनी सामाचार

अयोध्या, अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन कर रहे है। देश के विभिन्न राज्यों ही नहीं, बल्कि विदेशों से भी बड़ी संख्या में दर्शन के लिए आ रहे हैं। एक सप्ताह में 20.5 लाख भक्त भव्य मंदिर में रामलला का दर्शन कर चुके है। हालांकि 29 जनवरी को सबसे कम 1.75 लाख श्रद्धालुओं ने ही दर्शन किया। जो एक सप्ताह में सबसे कम है। सबसे ज्यादा 5 लाख भक्त 23 जनवरी को अयोध्या पहुंचे थे। इसके बाद से लगभग 2 लाख श्रद्धालु हर दिन



राम दरबार में हाजिरी लगाने पहुंच रहे हैं। राम मंदिर में रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की आमद में सोमवार को हल्की कमी देखने को मिली। सोमवार को यह संख्या दो लाख से भी नीचे पहुंच गई। 1.75 लाख श्रद्धालुओं ने रामलला का दर्शन लाभ प्राप्त किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देश पर गठित उच्च स्तरीय कमेटी की देखरेख में श्रद्धालुओं को सुगमता के साथ दर्शन-पूजन की व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है। प्रतिदिन दर्शन व्यवस्था को लेकर कमिश्नर गौरव दयाल की अध्यक्षता में एक कोर कमेटी समीक्षा कर अगले दिन की योजना बनाती है।

# संक्षेप

## जालौन में विवेचना करने पहुंचे दरोगा से झड़प

### युवक ने की गाली-गलौज, दरोगा बोले- अधिकारियों को घटना की जानकारी देकर की जा रही कार्रवाई

जालौन, जालौन में विवेचना करने पहुंचे दरोगा के साथ युवक ने अभद्रता करते हुए झड़प की। साथ ही दरोगा के साथ जमकर गाली गलौज की। इस घटना को देख लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने युवक को हटाने का प्रयास किया। दरोगा से अभद्रता का वीडियो बनाकर किसी ने सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। दरोगा ने कहा कि उच्च अधिकारियों को घटना की जानकारी देकर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मामला कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम मरगाया का है। कदौरा थाने में तैनात दरोगा राजकुमार सिंह एक महिला की शिकायत पर विवेचना करने के लिए मरगाया गए हुए थे। जहां विवेचना के दौरान गांव का रहने वाला अक्षय कुमार दरोगा से अभद्रता करने लगा। साथ ही दरोगा के साथ मारपीट करने पर उतारू हो गया। इस घटना को देख गांव के रहने वाले लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने युवक को रोकने का प्रयास किया, लेकिन युवक दरोगा के साथ जमकर गाली गलौज करता रहा। वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि युवक किस तरीके से दरोगा के साथ अभद्रता कर रहा है और दरोगा पीछे हट रहे हैं। वीडियो के वायरल होने के बाद इस मामले में दरोगा राजकुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि वह एक मामले की विवेचना करने गए थे। जहां पर अक्षय नाम का युवक जो मानसिक रोगी है, वह अभद्रता करने लगा। इस घटना के बारे में उच्च अधिकारियों को बता दिया है। साथ ही मामले में कार्रवाई की जा रही है।


## गौशाला में सांड ने केयरटेकर को मार डाला

### जहांगीराबाद के गांव मंडावली का मामला, बहू ने भाग कर बचाई जान

अनूपशहर, जहांगीराबाद कोतवाली क्षेत्र में गौशाला में गोबर हटाने के दौरान सांड ने केयरटेकर को पटक पटक कर मौत के घाट उतार दिया। इस दौरान पुत्रवधू ने मृतक को बचाने का प्रयास किया तो सांड ने उस पर भी हमला कर दिया। पुत्रवधू ने किसी तरह भाग कर जान बचाई। कोतवाली क्षेत्र के गांव मंडावली निवासी पिंकी ने बताया कि उसके ससुर राधाचरण (65) पुत्र राम प्रसाद गांव स्थित गौशाला में गोवंशों की देखभाल करते हैं। सोमवार को वह अपने ससुर राधा चरण के साथ गौशाला में चारा आदि डालने गई थी। राधाचरण गोबर हटा रहे थे इस दौरान गौशाला में एक सांड हमलावर हो गया। सांड के हमले में सींग राधा चरण के गले में आर पार हो गया। पिंकी ने सांड को डंडे की मदद से भागने का प्रयास किया तो सांड उसके पीछे पड़ गया। पिंकी ने बामुश्किल भाग कर जान बचाई। मौके पर पहुंचे ग्रामीण किसी तरह सांड को भगाया। सांड के हमले में राधाचरण बुरी तरह घायल हो गए जिन्हें अस्पताल ले जाया गया लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# दबंग प्रधान पति ने विकलांग पर ढाया कहर, पत्नी समेत लड़के को भी पिटा

अमन लेखनी समाचार



सहजनवां, गोरखपुर। सहजनवां ब्लाक अंतर्गत क्षेत्र स्थित के ग्राम सभा सीहापार में प्रधान पति द्वारा विकलांग ग्रामीण को रास्ता बनवाने की गुहार लगाने पर मारने-पीटने का लगा आरोप विडियो वायरल। बता दे विकासखंड सहजनवां अंतर्गत ग्राम पंचायत सीहापार के टोला टंडवा खुर्द निवासी विकलांग व्यक्ति रामवृक्ष पुत्र स्व.गोविन्द ने सहजनवां थाने पर दिए तहरीर में बताया है कि 28 जनवरी दिन रविवार को प्रधान पति राहुल शुक्ला मेरे घर के पास मिट्टी पटाई का कार्य कर रहे थे। पीड़ित ने अपना रास्ता पटवाने का आग्रह किया। इसी बात को लेकर पूर्व से खुन्नस खाए प्रधान पति राहुल शुक्ला अपने भाई रजनीश शुक्ला व 10-12 अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर मेरे घर पर चढ़ आए तथा चुनाव में वोट ना देने की बात को लेकर गाली-गुप्ता देने लगे विरोध करने पर उक्त लोगों ने मेरी पत्नी ज्ञानमती व मेरे लड़के को भी मारने-पीटने लगे तथा राहुल शुक्ला कुल्हाड़ी उठाकर काटने के लिए दौड़ा लिए पीड़ित ने बताया। उपरोक्त लोग काफी दबंग किस्म के व्यक्ति हैं यह लोग असलहा भी रखे हुए थे। जो जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। जिससे पूरा परिवार डरा व सहमा हुआ है। घटना से संबंधित वीडियो भी उपलब्ध कराते हुए पीड़ित ने इसकी शिकायत सहजनवां थाना व मुख्यमंत्री जन सुनवाई पोर्टल पर भी किया है। उक्त संदर्भ- में बात करने पर थाना प्रभारी सहजनवां मदन मोहन मिश्रा ने बताया तहरीर मिली है जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## गोलीकांड में शामिल अभियुक्तों के गिरफ्तारी की मांग

### अभियुक्तों ने दस लाख के गहने भी हड़पे

अमन लेखनी समाचार

सहजनवा, गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र स्थित के टिकरिया के पास 4 मार्च 2023 को पुरानी रंजिश को लेकर तीन की संख्या में बदमाशो ने मान सिंह यादव निवासी सुरागहना को गोली मार कर घायल कर दिया था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर जांच कर रही है। लेकिन आठ माह बीत जाने के बाद भी पुलिस अभियुक्तों की गिरफ़्तारी नही किया। पीड़ित गुहार लगाते - लगाते थक चुका है। वही पीड़ित की भतीजी ने लुचुई निवासी एक युवक से प्रेम विवाह कर लिया था। जो करीब 10 लाख का गहने लेकर आ गई थी। जब मायके के लोगो ने गहने मांगना शुरू किया तो अभियुक्त झांसे में लेकर गहने उठा ले गया। और हड़प लिए है। और मांगने पर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दे रहे है। पीड़ित ने अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग किया है। इस संदर्भ में वरिष्ठ उपनिरीक्षक पंकज सिंह ने कहा की तथ्य जुटाए जा रहे है। जल्द ही गिरफ्तारी की जायेगी।

# मनरेगा कार्यों में हो रहा जमकर भ्रष्टाचार, जिम्मेदार मौन

- एक ही फोटो कई बार अपलोड कर दिखा रहे मनरेगा कार्य
- पूर्व में भिलौरा खुर्द पंचायत में हुआ भ्रष्टाचार की जांच कर रहे अधिकारी

अमन लेखनी समाचार



सहजनवां, गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत ऊचगाव का सामने आया है। सरकार मनरेगा योजना के माध्यम से लोगों को रोजगार देने की तरह-तरह से पहल कर रही है। ताकि बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के दैनिक मजदूर इस योजना से जुड़े और लाभान्वित हो तथा समय-समय पर सरकार द्वारा योजना में कार्य कर रहे मजदूरों की राशि में भी वृद्धि देखने को मिल रही है। लेकिन जब विभाग में ही भ्रष्ट अधिकारियों का जखीरा हो तो सरकार द्वारा किए गए लाखों प्रयास धरातल पर बेकार ही साबित होता नजर आता है। ऐसा ही एक ताजा मामला पिपरौली ब्लॉक के ग्राम पंचायत ऊंचगांव का सामने आया है, दयानंद के खेत से सीसी रोड तक मिट्टी कार्य जिसका मस्टर रोल संख्या 5169, 5170, 5171 है। जिस पर मजूदुरों की एक ही फोटो 29 जनवरी और 31 जनवरी दो दिन अपलोड किया गया है। वही अगर मनरेगा साइट पर देखा जाए तो सचिव सुनील कुमार शुक्ला द्वारा जो हाजिरी बनाया गया है उसमे कुल 25 मजदूर दर्ज किए गए है।इस संदर्भ में सचिव सुनील कुमार शुक्ला से बात किया गया तो उन्होंने बताया की ऊंचगाँव में रोजगार सेवक की तैनाती नही है। वहा पर मेट कुसुम द्वारा हाजरी लगाई जाती है जो मेरी आईडी से लगता हैं। एक ही फोटो दो दिन की हाजरी में अपलोड करना गलत है। मेट को शुक्रवार को लिखित नोटिस जारी की जाएगी।इस संदर्भ में डीसी मनरेगा सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में नहीं है। अगर इस प्रकार का कार्य हो रहा है तो मामला गंभीर है। संबंधित अधिकारी को भेज कर मामले की जांच कराई जायेगी। अगर गलती पायी जाती है तो जिम्मेदारों पर कार्यवाही की जाएगी।

# भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



अमन लेखनी समाचार

सहजनवां, गोरखपुर। प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग एवं विकलांग कल्याण मंत्री तथा भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप का लखनऊ से गोरखपुर जा रहे सहजनवां थाना चौराहे पर भाजपा पिछड़ा वर्ग के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अभिमन्यु मौर्य के नेतृत्व में गुरुवार को कार्यक्रताओं ने फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत से अभिभूत प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओ से कहा कि आगामी लोक सभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि चार सौ प्लस सीट का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री नरेंद मोदी व मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ के नेतृत्व में देश व प्रदेश में लगातार सभी वर्गों का विकास हो रहा है।आम जनता सरकार के विकास परख नीतियों से खुश है। स्वागत में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष के वी सिंह, मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह, हरिप्रसाद मौर्य, धर्मेंद्र गुप्ता, सुदर्शन सहानी , धर्मेन्द्र सिंह, राम सेवक सिंह , बुद्धिराम मौर्य, दिलीप सिंह, विनोद मौर्य , सुबाष यादव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी केंन्द्रो में बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

### आशा कार्यकत्रियों ने पहुंचकर बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल टेबलेट

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत बाल विकास पुष्टाहार के सीडीपीओ अजय सिंह के निर्देशन पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों में नौनिहाल बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण संपन्न हुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली से सम्बद्ध आशा कार्यकत्रियों ने आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पहुंचकर बच्चों को अल्बेंडाजोल टेबलेट की खुराक दी अमौली कस्बे के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों समेत क्षेत्र के नेवरी जलालपुर बुढ़वा कनैरा मयचक आदि सभी केन्द्रों पर बच्चों को दवा खिलाई गई इस मौके पर आंगनबाड़ी केन्द्रों में सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहायिका तथा आशा कार्यकत्री आदि मौजूद रही

# गलत इंजेक्शन लगाने से मरीज हुआ पैरालाइज,चिकित्सक और बेटे पर केस दर्ज

चंद्रा हॉस्पिटल एकला का मामला

सहजनवा, गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के एकला स्थित चंद्रा हॉस्पिटल के चिकित्सक और उसके बेटे द्वारा लडकी को गलत इंजेक्शन लगाने से पैराराईज हो गया। विरोध करने पर पीड़ित को चिकित्सक और इनके बेटे ने गाली गलौज करने के साथ जान से मारने की धमकी दे रहा था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से गीता देवी पत्नी रुदल निवासी नौसढ इंद्रचक बेटी करिश्मा की तबियत खराब होने पर एकला स्थित चंद्रा हॉस्पिटल ले गई। जहां चिकित्सक ने भर्ती कर दिया। जब चिकित्सक को इलाज के लिए बुलाया तो वह अपने बेटे को इलाज करने के लिए भेज दिया। उसके द्वारा दो इंजेक्शन बेटी के कमर में लगाया गया। कुछ देर आराम मिलने के बाद फिर पेट में दर्द शुरू हो गया। चिकित्सक को बुलाने पर वह नाराज हो गए। फिर कमर में तीन इंजेक्शन लगाकर चले गए। इसके बाद कमर और पैर सुन्न हो गया। हालत में सुधार न होने चिकित्सक से रेफर करने का दबाव बनाया। तो वह नाराज होकर गाली गलौज, मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने लगे। बेटी को एक न्यूरोसर्जन के यहा ले जाकर इलाज करा रही है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर चिकित्सक डा0 वीएन विश्वकर्मा, बेटे गौरव उर्फ पप्पी निवासी चंद्रा हॉस्पिटल, एकला थाना गीडा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुसकर टांगी से हमला, दो की हालत गम्भीर

अमन लेखनी समाचार



सहजनवा, गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के नौसढ चौकी अंतर्गत भिलौरा में पुरानी रंजिश को लेकर आधा दर्जन की संख्या मनबढ घर में घुस कर तोड़फोड़ करते हुए टांगी से हमला कर दिया। जिसमे चार लोग घायल हो गए। दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से गीडा थाना क्षेत्र के नौसढ चौकी अंतर्गत भिलौरा गांव में 28 जनवरी को मैनेजर के घर पर छत लग रहा था। रात्रि में 7.30 बजे सत्यम यादव चार पहिया वाहन लेकर जा रहा था। रास्ते में बाइक खड़ी थी। जिसमे ठोकर लग गया। और गिर गया। इसी बात को लेकर दोनो पक्षों में विवाद हो गया। लोगो के समझाने के बाद शांत हो गया। इसी बात को लेकर बुधवार रात्रि में 9 बजे आधा दर्जन की संख्या में मनबढ टांगी, लाठी डंडा लेकर दरवाजा तोड़ते हुए घर में घुस आए। और टांगी से हमला कर घायल कर दिया। जिसमे वीरेंद्र यादव 58 वर्ष, कौशल्या 50 वर्ष, सत्यम यादव 22 वर्ष शिवम यादव 27 वर्ष घायल हो गए। वीरेंद्र यादव और सत्यम यादव की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने गोलू सिंह, विकास सिंह, सोनू सिंह, मोनू सिंह, मैनेजर सिंह के खिलाफ बलवा, घर में घुसकर मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। इस संदर्भ में एसओ योगेंद्र सिंह ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

# नवागंतुक मुख्य विकास अधिकारी ने किया विद्यालय में डायनिंग सेट का उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार



देवमई, फतेहपुर। जनपद के देवमई विकासखंड अंतर्गत ग्राम खदरा स्थित प्राइमरी स्कूल में जिले के नवागंतुक मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीणा ने प्राइमरी स्कूल में मिड डे मील हेतु नवनिर्मित एक लाख साठ हजार रुपए कीमती डायनिंग सेट का फीता काट कर उद्घाटन किया। नवनिर्मित डायनिंग सेट बनवाने का मुख्य श्रेय जिला पंचायत सदस्य शानू सिंह गौतम, प्रधानाध्यापक प्रताप सिंह वर्मा और समाज सेवक संजय सिंह को जाता है ।इस डायनिंग सेट को बनवाने में सरकारी धन का उपयोग नही किया गया है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार नवनिर्मित डायनिंग सेट में करीब 85 हजार रूपए ०टीन सेड में लगभग 75 हजार रुपए का खर्च आया है ।इस कार्यक्रम में प्रमुखरूप से मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीणा,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव,खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार शुक्ला, एआरपी ललित उमराव, खंड विकास अधिकारी देवमई सुषमा ग्राम प्रधान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कोतवाली परिसर में हुई पीस कमेटी की बैठक



अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी

बिंदकी, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद के कोतवाली बिंदकी में गुरुवार को दोपहर 12:00 बजे पीस कमेटी की बैठक हुइे बैठक में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने कहा कि सभी लोग स्वयं तथा गांव, मोहल्ला व आसपास वाराणसी के ज्ञान व्यापी को लेकर पूरी तरह से शांति व्यवस्था बनाए रखें उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति ज्ञान व्यापी मामले को लेकर अफवाह फैलाते व सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट डालते पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगे इस मौके पर सीनियर सब इंस्पेक्टर सत्यदेव गौतम, दिवाकर सिंह, भारत सिंह, आलोक तिवारी, संदीप द्विवेदी, सिपाही विकास, शहर काजी अब्दुल रजा कादरी, सभासद आनंद सोनकर, सीताराम ,महेंद्र सिंह, गोपाल यादव सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# अतिरिक्त कार्य को लेकर ग्राम पंचायत सहायकों ने जताया विरोध

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के बिंदकी तहसील के खजुहा विकास खंड में ग्राम पंचायत ने अतिरिक्त कार्य पर जताया विरोध दिया ज्ञापने ग्राम पंचायत सहायकों ने मुख्य विकास अधिकारी को खंड विकास अधिकारी खजुहा के माध्यम से दिए ज्ञापन में पंचायत विभाग के अतिरिक्त विभागों से सम्बंधित कार्य कराए जाने पर ऐतराज जताते हुए सम्बंधित विभागों से कराए जाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम पंचायत सहायकों को इतना कम मानदेय मिलता है कि वह फोन रिचार्ज आदि कराने में भी कठिनाई का सामना करते हैं। अल्प मानदेय में घर परिवार का पालन पोषण करना कठिन है। ऐसे में अन्य विभागों से सम्बन्धित कार्य कराकर उनके श्रम का शोषण किया जा रहा है जो न्याय हित में नहीं है। पंचायत सहायकों ने मानदेय बढाने, फोन रिचार्ज आदि की अतिरिक्त सुविधा दिलाए जाने की मांग मुख्य विकास अधिकारी से की है।



# ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षित हुए शिक्षक

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला



फतेहपुर। जनपद के सभी विकास खण्डों में यूनिसेफ द्वारा स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत पावर एंजेलिस की सशक्ति करण एवं नेतृत्व क्षमता प्रदान करने के लिए शिक्षक सुगमकताओं को प्रशिक्षित किया गया जनपद के अमौली विकासखंड में कार्यवाहक खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण शुक्ल के नेतृत्व में प्रशिक्षण के अंतिम दिवस पहुंचे सुगम कर्ता अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया कार्यक्रम में मौजूद बालिका शिक्षा जिला समन्वक विवेक शुक्ला के मार्गदर्शन में शिक्षक संदर्भ दाता प्रदीप पटेल एवं अध्यापिका इला सिंह ने सुगमकताओं का उन्मुखीकरण किया कार्यशाला की मॉनिटरिंग कंपोजिट विद्यालय अमौली की मीना मंच संदर्भ दाता प्रतिमा उमराव द्वारा की गई वही प्रशिक्षण के दौरान बिंदुवार अनेक प्रेरणादायक वीडियो स्क्रीन के माध्यम से दिखाकर शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया इस मौके पर विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में सुगम कर्ता शिक्षक रामनाथ सावित्री उमराव प्रतिभा देवी सुशीला रीता देवी प्रगति सचान इला सिंह शिप्रा सिंह समेत सभी शिक्षक मौजूद रहे इसी प्रकार जनपद के देवमई विकासखंड में भी खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण शुक्ला के द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम की कार्यशाला का शुभारंभ किया गया मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सभी एआरपी शिक्षकों को डाएट स्तर पर मास्टर ट्रेनिंग के रूप में प्रशिक्षित किया गया जो सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण शुक्ल ने सभी शिक्षकों से प्रशिक्षण के उपरांत अपने-अपने विद्यालय को निर्धारित अवधि में निपुण बनाने के लिए निर्देशित किया इस मौके पर संदर्भ दाता एआरपी आलोक द्विवेदी ललित कुमार सुनील गौतम विजय द्विवेदी ललित उमराव एल एल एफ के प्रवीण चौहान स्वाती गुप्ता आदि मौजूद रहे मिली जानकारी के अनुसार जनपद के खजुहा विकासखंड में प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से प्रारंभ होगा चार दिवसीय प्रशिक्षण में खंड शिक्षा अधिकारी के निर्देशन पर जूनियर स्तर के सभी सुगमकर्ता शिक्षक अध्यापिकाएं प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

# जहांगीरपुर में युवक की गला रेतकर हत्या का मामला

### पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल, सीरियाल रजवाहे की पटरी पर मिला था शव

अमन लेखनी समाचार





खुर्जा, जहांगीरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सीरीयल बंबे के समीप एक सप्ताह पूर्व थाना क्षेत्र निवासी लापता हुए दूधिए का शव मिला था। शव मिलने की सूचना पर आई पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। अब थाना पुलिस ने हत्या का खुलासा करते हुए हत्यारोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। साथ ही आलक्तल भी बरामद किया है। थाना जहांगीरपुर पुलिस को एक हफ्ता पूर्व थाना क्षेत्र अंतर्गत सीरियल रजवाहे की पटरी निकट गांव उस्मानपुर के पास एक शव मिलने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। अब एक हफ्ते बाद पुलिस ने वारदात का खुलासा करते हुए मुख्य हत्या आरोपी आदित्य को आला कत्ल समेत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जहांगीरपुर थाना प्रभारी यंग सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपी आदित्य ने अमन उर्फ टिंकू के बैंक खाते से यूपीआई के जरिए 12 लाख रुपए निकालने के लिए बलकट्टी से गला रेतकर हत्या की थी। दुधिया टिंकल की अचानक हुई हत्या से परिजनों में मातम पसरा हुआ है। परिजनों के अनुसार युवक की जेब में 45000 रुपए भी गायब मिले हैं।

# जिला पंचायत की बोर्ड-बैठक में 54.24 करोड़ का बजट पास

- मंत्री दिनेश खटीक बोले- एसपी साहब थाने सुधार लीजिए, वरना सब उलट-पलट हो जाएगा

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ में जिला पंचायत की बोर्ड बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 54 करोड़ 24 लाख 5 हजार 891 रुपए का बजट पारित किया गया। विधान सभा सदस्यों ने बैठक में निर्णय लिया कि वे अपनी निधि से स्कूलों को संवारेंगे और अन्य कार्यों के लिए भी बजट देंगे। भाजपा से हस्तिनापुर विधायक व जल शक्ति राज्य मंत्री दिनेश खटीक ने पुलिस की कार्य शैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि एसपी साहब थाने सुधार लीजिए वरना सब उलट पलट हो जाएगा। जिला पंचायत की बोर्ड बैठक में 54.24 करोड रुपए के मूल बजट पर मंथन के बाद स्वीकृति दी गई। जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित बोर्ड बैठक में मुख्य रूप से 11 प्रस्ताव पर चर्चा की गई। जिला पंचायत के सदस्य ने मुख्य रूप से अधिकार क्षेत्र में तमाम गतिविधियों पर टैक्स वृद्धि पर जोर दिया। बोर्ड बैठक में प्रस्तुत बजट में सामने आया कि जिला पंचायत की आय में वृद्धि हो रही है। विभिन्न मतों से टैक्स आदि के माध्यम से प्राप्त होने वाली आय से वर्ष 2024-25 वित्तीय वर्ष में जिला पंचायत को 54 करोड़ 24 लाख 5 हजार 891 की आय होगी। ऐसे ही व्यय की बात करें तो 47 करोड़ 79 लाख 50 हजार रुपए की रकम खर्च होगी। जिसमें से ढाई करोड़ का बजट अधिकारी व कर्मचारियों के वेतन पर खर्च होगा। हस्तिनापुर विधानसभा से भाजपा विधायक व जल शक्ति राज्य मंत्री दिनेश खटीक ने एसपी देहात कमलेश बहादुर के सामने थानों में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल करते हुए कहा कि सुधार लीजिए वरना सब उलट-पलट हो जाएगा।

## संक्षेप

### गांव चलो अभियान की मंडल बैठक सुमेरपुर में हुई संपन्न

सुमेरपुर, हमीरपुर। रघुवीर पैलेस सुमेरपुर में गांव चलो अभियान की बैठक मंडल अध्यक्ष अरे मर्दन सिंह की अध्यक्षता में की गई जिसके मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी रामदेव सिंह रहे यह कार्यक्रम प्रत्येक गांव के सेक्टर प्रभारी एवं प्रवासी 1 दिन के लिए गांव में जाकर 24 घंटे प्रवास पर रहेंगे जहां पर प्रत्येक बूथ में पन्ना प्रमुख से मिलकरनई वोटर लिस्ट को संज्ञान में लिया जाएगा एवं किसी निराश्रित गरीब कमजोर वर्ग के लोगों के यहां भोजन करेंगे एवं रात्रि विश्राम करेंगे इस बैठक में रोहित शिवहरे सिद्धार्थ सिंह संतराम गुप्ता पुष्पराज सोनी अरविंद श्रीवास्तव स्वामी प्रताप सिंह धीरेंद्र शिवहरे अशोक सिंह गीता ओमर उर्मिला सिंह दया सिंह अनिल दिक्षित सौरभ सिंह चेतन सिंह रजत कुटार शरद चंदेल राजेश सहारा अनिल दिक्षित एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कौशल किशोर मिश्रा ने संभाला थानाध्यक्ष ककरवई का कार्यभार

अमन लेखनी समाचार/हेमंत यादव

गरौठा ,झांसी। थानाध्यक्ष ककरबई सुरेंद्र कुमार सिंह का स्थानांतरण थाना बरुआसागर हो जाने पर उनके स्थान पर थाना टोड़ीफतेहपुर से स्थानांतरित होकर आए नवनियुक्त थानाध्यक्ष कौशल किशोर मिश्रा ने ककरबई थानाध्यक्ष का पद भार ग्रहण कर लिया है। नव नियुक्त थानाध्यक्ष ने एक पत्रकार वार्ता में कहा की थाने पर फरियाद लेकर आने वाले प्रत्येक फरियादी की फरियाद सुनना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। शासन की मंशा के अनुरूप कार्य किया जायेगा। थाना क्षेत्र में किसी प्रकार कर अवैध कार्य जैसे जुआ, अबैध शराब,एवं अवैध खनन किसी भी हालत में नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि फरियादियों के लिए थाने के दरवाजे 24 घंटे खुले रहेंगे और फरियादियों को न्याय दिलाना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। इस मौके पर पत्रकारों के अलावा समस्त पुलिस स्टाप मौजूद रहा।

# पांच राज्यों में दानवीर किट वितरण

**दानवीर वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में शुरू हुआ राष्ट्रव्यापी हमारा अभियानः-- स्वस्थ भारत- सशक्त भारत**

**दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा, हिमाचल व उत्तराखंड के अनेक शहरों में वंचितों को बांटा कम्बल, खाद्यान्न, स्टेशनरी व चप्पलें**

**आगरा, नोयडा, दिल्ली, चंडीगढ़, मोहाली, कालका, मंडी, देहरादून, कोटद्वार, मवाकोट (पौड़ी गढ़वाल) व हरिद्वार में बैठकें**

अमन लेखनी समाचार /शिवम सिंह चौहान



लखनऊ। हमारा अभियान ₹स्वस्थ भारत-सशक्त भारत₹ के तहत 'दानवीर वेलफेयर फाउंडेशन' ने उत्तराखंड, हिमाचल, चंडीगढ़, दिल्ली व हरियाणा राज्यों के कई शहरों में बड़े पैमाने पर निर्धन-निर्बल वर्ग के लोगों और बच्चों को 'दानवीर किट' वितरित किया। साथ ही, दानवीर स्वयंसेवकों को 'दानवीर सेवा किट' का भी वितरण किया गया। इस सेवा यात्रा के दौरान अनेक शहरों में हमारा अभियान के पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों के साथ बैठकें हुईं। इन बैठकों में वंचित परिवारों के 15 वर्ष आयु तक बच्चों के दानवीर हेल्थ कार्ड बनवाने पर चर्चा की गई।

हमारा अभियानः स्वस्थ भारत-सशक्त भारत की राष्ट्रीय समन्वयक / मीडिया प्रभारी संध्या सिंह के मुताबिक पांच राज्यों की इस दानवीर सेवा यात्रा की अगुवाई दानवीर वेलफेयर फाउंडेशन के संस्थापक/ अध्यक्ष विशाल कुमार सिंह एवं राष्ट्रीय महामंत्री नागेन्द्र बहादुर सिंह चौहान कर रहे हैं। पहली दानवीर सेवा यात्रा में हमारा अभियान की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समता सिंह बाफिला, दिल्ली की सुप्रसिद्ध कवियत्री प्राची मिश्रा व दानवीर फैमिली की तांशी चतुर्वेदी आदि ने सहभागिता की।

हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल, टावां के 250 बच्चों को स्कूल बैग, पाठ्य सामग्री, समोसा, मिठाई का वितरण किया गया। हिमाचल की प्रान्तीय संयोजक एवं गायिका नेहा महाजन के नेतृत्व में झुग्गी-झोपडी के 50 बच्चों को सम्पूर्ण पाठ्यक्रम सामग्री उपलब्ध कराई गई। हिमाचल प्रदेश के विभिन्न दूरदराज इलाके में 'दानवीर बाल स्वास्थ्य परीक्षण शिविर' लगाने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया।

हरियाणा के कालका की एक झुग्गी-झोपड़ी में 240 निर्धन लोगों को अन्न-वस्त्र वितरण किया गया। सभी गरीबों को कम्बल के साथ आटा, चावल, दाल, सरसों का तेल व नमक दिया गया। इसके अलावा बच्चों सहित 60 लोगों को चप्पलें उपलब्ध कराई गईं। हरियाणा की प्रान्तीय संयोजक एवं प्रसिद्ध युट्यूबर डिम्पल बख़्शी 'डॉली' की अगुवाई में दानवीर स्वयंसेवकों की एक विशेष बैठक भी हुई। चंडीगढ़ के मोहाली इलाके में 151 गरीब परिवारों को दानवीर किट भेंट की गई। यहां ईंट भट्ठा प्रवासी मजदूरों को कम्बल और खाद्यान्न उपलब्ध कराया गया। हमारा अभियान की प्रान्तीय संयोजक एवं गायिका विभूति शर्मा (बिग बॉस प्रतियोगी) के नेतृत्व में दानवीर स्वयंसेवकों की एक बैठक भी आहूत की गई।

उत्तराखंड के ऋषिकेश में 143 निर्धन परिवारों को चिन्हित करके उनकी चौखट तक दानवीर किट पहुंचाई गई। इसके बाद पौड़ी गढ़वाल जिले के मवाकोट इलाके के 162 निर्धनों को दानवीर किट भेंट की गई। उत्तराखंड की प्रान्तीय संयोजक सोनाली विष्ट के नेतृत्व में दानवीर स्वयंसेवकों की देहरादून, कोटद्वार व हरिद्वार में बैठकें भी हुईं।

विगत 26 जनवरी से शुरू हुई इस दानवीर सेवा यात्रा का पहला पड़ाव आगरा और फिर दिल्ली था। दिल्ली में प्राची मिश्रा के नेतृत्व में स्वयंसेवकों की एक बैठक हुई थी। इसके बाद यह कारवां चंडीगढ़, हरियाणा, हिमाचल व उत्तराखंड पहुंचा। आज 31 जनवरी को इस सेवा यात्रा का समापन लखनऊ में हुआ। फरवरी माह से दानवीर सेवा यात्रा अनवरत रूप से देश के विभिन्न हिस्सों के लिए निकलती रहेगी।

## गांव चलो अभियान की मंडल बैठक सुमेरपुर में हुई संपन्न




अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर। बृहस्पतिवार को रघुवीर पैलेस सुमेरपुर में गांव चलो अभियान की बैठक मंडल अध्यक्ष अरे मर्दन सिंह की अध्यक्षता में की गई जिसके मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी रामदेव सिंह रहे यह कार्यक्रम प्रत्येक गांव के सेक्टर प्रभारी एवं प्रवासी 1 दिन के लिए गांव में जाकर 24 घंटे प्रवास पर रहेंगे जहां पर प्रत्येक बूथ में पन्ना प्रमुख से मिलकरनई वोटर लिस्ट को संज्ञान में लिया जाएगा एवं किसी निराश्रित गरीब कमजोर वर्ग के लोगों के यहां भोजन करेंगे एवं रात्रि विश्राम करेंगे इस बैठक में रोहित शिवहरे सिद्धार्थ सिंह संतराम गुप्ता पुष्पराज सोनी अरविंद श्रीवास्तव स्वामी प्रताप सिंह धीरेंद्र शिवहरे अशोक सिंह गीता ओमर उर्मिला सिंह दया सिंह अनिल दिक्षित सौरभ सिंह चेतन सिंह रजत कुटार शरद चंदेल राजेश सहारा अनिल दिक्षित एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डायट में हुए कला उत्सव में शिक्षकों ने किया अद्भुत कलाकृतियों का प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

झाँसी । जनपद के परिषदीय विद्यालय एवं माध्यमिक विद्यालयों में कला के क्षेत्र में रुचि रखने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बरुआसागर में तीन दिवसीय सृजनोत्सव कला उत्सव 2024 का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षकों ने अद्भुत कलाकृतियों का प्रदर्शन किया। उत्सव के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि राज्य मंत्री हरगोविंद कुशवाहा एवं अध्यक्षता कर रहे जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य मुकेश कुमार रायजादा द्वारा कला उत्सव में प्रतिभाग करने वाले समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में भारतीय कला एवं संस्कृति से मौजूद समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को अवगत कराया साथ ही बुंदेलखंड के पर्व त्योहार संस्कृति को विस्तार से बताया।डायट प्राचार्य द्वारा बेहतरीन कलाकृतियां के लिए समस्त प्रतिभागी शिक्षक शिक्षिकाओं की सराहना की गई ।कला उत्सव नोडल प्रभारी डायट प्रवक्ता सुनील कुमार साहू ने कला उत्सव की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर नवाचारी शिक्षक मोहनलाल सुमन द्वारा सिल्वर पेपर से भगवान बुद्ध की कलाकृति बनाकर मुख्य अतिथि को भेंट की इसके पहले भी कला महोत्सव के शुभारंभ पर आए समस्त अतिथियों को मोहनलाल सुमन द्वारा सिल्वर पेपर से कलाकृतियां बना कर भेंट की गई।कला उत्सव में लगी उत्कृष्ट कलाकृतियों का मुख्य अतिथि के द्वारा अवलोकन किया गया पिछले तीन दिन से कला उत्सव में लगी कलाकृतियों को जनपद के खण्ड शिक्षा अधिकारियों, शिक्षकों , नवोदय प्राचार्य एवं बच्चों के द्वारा देखा गया कार्यक्रम का शुभारंभ देश के चर्चित चित्रकार किशन सोनी, कामिनी बघैल, सुनीता मैम द्वारा किया गया एवं सभी के द्वारा समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं की कलाकृतियों का अवलोकन किया गया ।कला उत्सव में मोहनलाल सुमन के द्वारा बनाई गई भगवान बुद्ध की प्रतिमा एवं नंदी, शिक्षक नेतराम द्वारा बनाई गई बांसुरी एवं क्राफ्ट, संगीता देवी द्वारा करवा से बनाए गए गमले एवं कागज की मोर, प्रियंका भदकारिया और आरती द्वारा बनाया गया राम मंदिर, रश्मि अली का ताजमहल, पूजा सचान द्वारा ट्रेडिशनल आर्ट वर्क, आरती वर्मा की पेंटिंग प्रमिला के भगवान राम, रीना के गणेश जी, प्रियंका राय की पेंटिंग, सोहित प्रजापति द्वारा अब्राहन लिंकन की पेंटिंग आकर्षण के केंद्र रहे। संचालन महेंद्र कुमार वर्मा ने किया।कला उत्सव में डायट के समस्त प्रवक्ताओं के साथ अजहर अली, रामकिशोर प्रजापति, राकेश विश्वकर्मा, ज्योति, नंदनी, लक्ष्मी कुशवाहा, अंतरिक्ष कुशवाहा,दीपेश पाल, सबीना साहनी,प्रकाश चंद्र, हेमलता दोहरे, तबस्सुम जहां, प्रवीण गुप्ता, दीपा पांचाल, रंजीत कुमारी प्रजापति, मोनिका चौधरी, प्रीति श्रीवास्तव, नेहा गौतम शालिनी पांडेय,अर्चना वर्मा, सूर्यकांत द्विवेदी,ज्योति शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से मिला आईआईएमसी को डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा

**जनसंचार शिक्षा को मिलेगा महत्त्व और जुड़ेंगें नए आयामः प्रो.द्विवेदी**

अमन लेखनी समाचार



भोपाल। देश के प्रतिष्ठित मीडिया शिक्षण संस्थान भारतीय जन संचार संस्थान को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा दिए जाने पर संस्थान के पूर्व महानिदेशक प्रो.संजय द्विवेदी ने प्रसन्नता जताई है। प्रो. द्विवेदी ने कहा कि यह एक सपने के होने जैसा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार बधाई की पात्र है। प्रो. द्विवेदी ने कहा कि सबसे पहले माननीय प्रधानमंत्री ने ही देश में संचार और मनोरंजन पर केंद्रित विश्वविद्यालय (कम्युनिकेशन एंड इंटरटेनमेंट यूनिवर्सिटी) की बात कही थी। उन्होंने यह बात नेशनल म्यूजियम आफ सिनेमा, मुंबई का शुभारंभ करते हुए यह बात कही थी। उनके इस मूल विचार के साथ ही आईआईएमसी को विश्वविद्यालय का दर्जा देने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई थी। प्रो. द्विवेदी ने कहा कि इससे देश में जनसंचार शिक्षण को गंभीरता से लिया जाएगा और एक नई शुरूआत होगी। सूचना प्रसारण मंत्री श्री अनुराग ठाकुर को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि नए साल में मंत्रालय ने मीडिया जगत को बहुत खास सौगात दी है। आईआईएमसी के पूर्व महानिदेशक ने कहा कि अब ज्ञान-विज्ञान के एक अनुशासन के रूप में लोग संचार की शिक्षा को गंभीरता से लेंगें और इसमें शोध-अनुसंधान का गंभीर काम भी प्रारंभ होगा। जनसंचार शिक्षा के लिए माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (भोपाल), कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (रायपुर) और हरिदेव जोशी पत्रकारिता विश्वविद्यालय (जयपुर) जैसे तीन राज्य विश्वविद्यालय मीडिया और जनसंचार शिक्षा में महत्त्वपूर्ण योगदान कर रहे हैं। केंद्र सरकार द्वारा आईआईएमसी को डीम्ड यूनिवर्सिटी बनाए जाने के फैसले से वैश्विक स्तर पर भारत के संचारकों का स्थान बन सकेगा। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री संचार की वैश्विक आवश्यक्ता को समझते हैं, इस दिशा में उनकी भावना के अनुरूप आईआईएमसी को काम करना चाहिए। प्रो.द्विवेदी ने कहा कि आईआईएमसी की जिम्मेदारी देश की मीडिया शिक्षा में नवाचार लाने की भी है और साथ-साथ हमें कम्युनिकेशन के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर्स तैयार करने का दायित्व भी निभाना होगा। वैश्विक स्तर पर हमें 'भारत के विचार' को स्थापित करने के लिए गंभीर प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। आईआईएमसी को इतिहास के बहुत खास समय में यह जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने उम्मीद जताई की आईआईएमसी अंतराष्ट्रीय मानकों पर आधारित व्यवस्थाएं खड़ी कर वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाएगा।

## झरनापति महादेव मंदिर पर सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का हुआ समापन

**सामूहिक कन्या विवाह में डॉ० संदीप ने 14 जोड़ों को दिया सुखी दांपत्य जीवन का आशीर्वाद**

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव



झाँसी। झरनापति महादेव, झरना गेट के तत्वाधान में चल रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं 14 सर्वजातीय कन्या विवाह महायज्ञ के साथ संपन्न हो गया। वृंदावन की भागवत कथाचार्या संस्कृति दीदी द्वारा निरंतर सात दिनों तक भागवत कथा का वाचन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक एवं जनपद के प्रतिष्ठित समाजसेवी डॉ० संदीप सरावगी एवं संयोजक के रूप में पंडित बलवीर रावत, महंत अलबेला सरकार, भाजपा नेत्री कविता शर्मा एवं संतोष श्रीवास उपस्थित रहे। सात दिवसीय इस कार्यक्रम में कलश यात्रा, शोभायात्रा, मंडप पूजन, अग्नि प्रवेश, वेद पूजन, 56 भोग, मटकी फोड़ बाल लीला, सुदामा कृष्ण मिलन एवं बुंदेली राई नृत्य का आयोजन किया गया। आठवें दिन 14 सर्वजातीय सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया जिसमें वर वधु को मंडप में बैठाकर मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत वैवाहिक रस्में संपन्न की गई। तत्पश्चात मंच पर सभी जोड़ों ने एक दूसरे को जयमाला पहनकर दांपत्य जीवन में प्रवेश किया। नवदम्पतियों को मोटरसाइकिल, डबल बैड, सोफा, अलमारी, किचिन सैट एवं स्त्रीधन का अन्य सामान देकर विदा किया गया। इस अवसर पर जनपद के प्रतिष्ठित समाजसेवी डॉ० संदीप सरावगी ने वर वधु को आशीर्वाद देते हुए कहा प्राचीन समय से ही हमारे समाज में किसी भी अनुष्ठान को सामूहिक रूप से संपन्न करने की प्रथा चली आ रही है जब गांव में कोई शादी होती थी तो पूरा गांव मिलकर इसकी तैयारी करता था और वर पक्ष को उचित मान सम्मान देकर अपनी बहन बेटियों को स्त्रीधन अर्पित कर विदा किया जाता था। पाश्चात्य संस्कृति की चका चौंध में हम अपने रीति-रिवाजों को खोते जा रहे हैं आज विवाहों में वर और वधु पक्ष दोनों जगह आगंतुकों की संख्या लगातार कम होती जा रही है। सनातन धर्म के 14 संस्कारों में विवाह महत्वपूर्ण संस्कार है विवाह पति पत्नि ही नहीं बल्कि दो परिवारों का मिलन है। पति पत्नि अगर एक दूसरे की आवश्यकताओं को भली-भांति समझते हैं तो उनका दांपत्य जीवन सफल हो जाता है वहीं संस्कारों के अभाव में कई परिवार बिखर भी जाते हैं इसीलिए हर माता-पिता को अपने बच्चों में अच्छे संस्कारों का समावेश करना चाहिये। आज परिणय सूत्र में बंधे 14 नवदंपतियों को मैं सुखी दांपत्य जीवन का आशीर्वाद देता हूँ साथ ही आयोजक मंडल को भी शुभकामनाएं देना चाहता हूं जिन्होंने कुशलतापूर्वक इस भव्य आयोजन को संपन्न कराया।उन्होंने कहा कि मेरी ईश्वर से प्रार्थना है आयोजक मंडल को समय-समय पर ऐसे आयोजन को क्रियान्वित करने में सक्षम बनायें। इस अवसर पर सहयोगी के रूप में एड० मुकेश सिंघल, गोपाल नैनवानी, राधे राय, ज्योति स्वरूप बंसल, धर्मेंद्र पाखरे, अश्वनी कुमार, धर्मेंद्र प्रजापति, मुकेश साहू, विजय साहू, सभासद नितिन साहू, बद्री साहू, मुकेश सिंघल, अजय कोस्टा, राजा भईया पाल, सीमा विश्वकर्मा, मोहन पहलवान, संतोष सभासद, सीताराम श्रीवास एवं संघर्ष सेवा समिति से मास्टर मुन्नालाल, चंदन पाल, संदीप नामदेव, अनुज प्रताप सिंह, राजू सेन, बसंत गुप्ता, राकेश अहिरवार, सुशांत गेड़ा, भरत कुशवाहा, मिथुन कुशवाहा एवं आशीष विश्वकर्मा आदि सम्मिलित रहे।

## कोतवाली गरौठा में पीस कमेटी की बैठक हुई संपन्न

अमन लेखनी समाचार/हेमंत यादव



गरौठा, झांसी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक वेदप्रकाश पांडेय ने कस्बा के धर्म गुरुओं संभ्रांत नागरिकों एवं ग्राम प्रधानों के साथ कोतवाली परिसर में एक बैठक आयोजित की। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील करना और आमजन व पुलिस सहयोग को मजबूत करना था।इसके साथ ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने कस्बे में लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की जानकारी ली और इसके साथ उन्होंने कोतवाली क्षेत्र से लगने वाले अन्य जिलों की सीमाओं की जानकारी ली।इसके साथ ही उन्होंने कहा की बड़े व्यापारी यदि कैश लेकर बाहर जाते हैं तो वह चाहे तो सुरक्षा की दृष्टि से उन्हें कोतवाली सीमा तक पुलिस सुरक्षा दी जाएगी।इसके साथ ही रात्रि में गस्त के दौरान जो व्यक्ति घूमते हुए मिलेंगे उनका नाम पता दर्ज किया जाएगा जो व्यक्ति ताला लगाकर बाहर जाते हैं तो वह इसकी सूचना कोतवाली में दें।बैठक के दौरान उन्होंने वहां मौजूद सभी लोगों से सहयोग की अपील की जिससे जनता और पुलिस के बीच शांति और भाईचारा स्थापित हो सके।

इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर अरुण कुमार मिश्रा ,एडवोकेट अयूब सिद्दीकी, एडवोकेट राजेश परिहार ,प्रवेंद्र सिंह चौहान ,हाजी सुलेमान , हाजी रमजानी ,नरेंद्र कुमार शर्मा ,लोचन सिंह, संतोष त्रिपाठी, सर्वेश हैबतपुरा ,संजय परमार प्रधान निपान,हरिशंकर यादव प्रधान पसौरा,अजीज खान, अब्बू महाराज, जिन्ना मास्टर, इमामी मास्टर, धीरज मिश्रा, फजल अहमद, टिल्लू मास्टर, विश्ववीर व्यास, सहित कोतवाली स्टाफ एवं कस्बा के पत्रकार व संभ्रांत नागरिक एवं ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## ग्रामीण क्षेत्रो में दो नाबालिकों के साथ की गई छेड़छाड़,पीड़ितों ने की शिकायत

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। सरकार द्वारा महिलाओं व बेटियों की सुरक्षा को लेकर तमाम प्रयास किये जा रहे हेट वही उन्हें शिक्षा के उद्देश्य से भी बेटी पढाओ बेटी बचाओ का नारा आंदोलन के रूप में चला रही है तो आए दिन मिशन शक्ति अभियान के तहत चौपालों के माध्यम से महिलाओ औ? बेटियों को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है लेकिन धरातल पर स्थिति इसके विपरीत है।

क्षेत्र के एक गांव में दो दिवस के अंतराल में नाबालिगों के साथ हुई छेड़छाड़ की घटनाएं पुलिस की कार्यवाही पर सवालिया निशान लगाने के लिए काफी है।इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी से बात की तो जांच के बाद कार्यवाही करने की बात कही है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते 31 जनवरी को सुबह वह अपने पशुओं का गोबर उठा रही थी इसी बीच गांव का मजहर पुत्र सर्फुददीन उर्फ बुद्धू आ गया और पीड़िता के साथ अश्लीलता करने लगा।और पीड़िता की पुत्री को गंदी नियत से पकड़ कर पटक दिया।शोर सुनकर पीड़िता अपनी पुत्री को बचाने दौड़ी तो आफताब पुत्र कमरुद्दीन भी आ गया और गंदी गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा।और पीड़िता की पुत्री को पकड़ने की कोशिश करने लगा।इस बीच काफी लोगों के आने के कारण उक्त दोनों लोग चले गए।पीड़िता ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर अपने और परिवार की जान का खतरा बताया है। वहीं दूसरे मामले में पीड़िता के अनुसार बीती 30 जनवरी को इसी गांव के राशिद पुत्र रियाजुद्दीन ने नाबालिग के साथ अश्लीलता और छेड़छाड़ की जबकि घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने आ रहे परिजनों को बंदूक की नोंक पर रास्ते पर ही रोक लिया इतना ही नहीं जब परिजन घटना के तीसरे दिन किसी तरह से कोतवाली पहुंच गए तो आरोपी के सहयोगियों ने कोतवाली गेट पर भी धमकी देकर पीड़ितों को रोकने का भरसक प्रयास किया हालांकि पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है।इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी चंद्रशेखर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और पुलिस को भेजा गया है जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

## डिजास्टर मैनेजमेंट में एमबीए की डिग्री ले सकेंगे युवा, लाखों रोजगार पैदा होंगे

**लखनऊ,** योगी सरकार प्रदेश के युवाओं को डिजास्टर मैनेजमेंट की फील्ड में रोजगार उपलब्ध कराने जा रही है। सरकार एमबीए में डिजास्टर मैनेजमेंट सिलेबस लागू करने पर विचार कर रही है। योगी सरकार के इस कदम से जहां लाखों युवाओं को रोजगार मिलेगा, वहीं देश में सर्वाधिक जलवायु परिवर्तन वाले उत्तर प्रदेश में आपदाओं से निपटने के लिए दक्ष लोगों की तादाद बढ़ेगी।इससे आपदाओं से होने वाली जनहानि को न्यूनतम किया जा सकेगा। बता दें कि योगी सरकार मौसम की अनिश्चितता और इनके कारण होने वाली प्राकृतिक दुर्घटनाओं की बढ़ती चुनौती को देखते हुए इस पर विचार कर रही है। पिछले कुछ वर्षों में महामारी, बाढ़, सूखा, अतिवृष्टि, वज्रपात जैसी आपदाओं की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए योगी सरकार ने महसूस किया है कि इस क्षेत्र में युवाओं को रोजगार के नये अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं।

## बेखौफ दबंगों ने की जमकर मारपीट, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मौदहा ( हमीरपुर)।कस्बे में बेखौफ बदमाशों ने जमकर मारपीट की इतना ही नहीं दबंगों ने पुलिस से शिकायत करने के बाद फिर से हमला कर उत्पात मचाने के साथ ही छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया।जिसपर कोतवाली पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कस्बे के एक मोहल्ले निवासी महिला ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते दिन शाम को करीब आठ बजे जब वह अपने परिवार के साथ घर में थी तभी मोहल्ले के आशीष शर्मा अपने आठ दस साथियों के साथ हाथ में नाजायज तमंचा लेकर आया है उसके पति को मां बहिन की गंदी गंदी गालियां देते हुए जमकर कटटे की बट से मारपीट की।बताया कि जब अपने पति को बचाने आई पत्नी के साथ भी उक्त दबंगों ने मारपीट और छेड़छाड़ की। दबंगों ने उसके पति को इतनी बुरी तरह से मारा कि उसके पति बेहोश होकर सड़क पर गिर गए। पीड़िता ने बताया कि इसके महिला कोतवाली शिकायत दर्ज कराने आई और जब वापस लौट कर गई तो उक्त दबंग आशीष शर्मा अपने झलोखर निवासी मामा के साथ अपने साथियों को लेकर पीड़िता के घर आ गया और दोबारा से धमकी, गालीगलौज, छेड़छाड़ और मारपीट की।जिससे पीड़ित परिवार भयभीत है।पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।फिलहाल अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

## पशुबाड़े से घर जा रही महिला को पीटा

भरुआ, सुमेरपुर। क्षेत्र के पंधरी गांव में पशुबाड़े से घर जा रही महिला को एक व्यक्ति ने रास्ते में रोककर पुत्रों एवं पत्नी के साथ मिलकर जमकर मारा पीटा। पंधरी गांव निवासी सुमित्रा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि वह बुधवार की देर शाम पशुबाड़े से वापस घर जा रही थी। तभी गांव के निवासी सुरेंद्र कुमार ने शराब के नशे में झूमते हुए उसका हाथ पकड़ कर रोक लिया और गाली गलौज करने लगा। तभी इसके पुत्र ओमी, राहुल, प्रशांत तथा पत्नी राजकुमारी आ गए और सभी ने मिलकर उसे जमकर पीटा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**

डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# सिंप्टंप्स दिखने पर ना करें कैंसर टेस्ट कराने में देरी




**मेरी उम्र 51 वर्ष है। मेरी फैमिली में कैंसर की हिस्ट्री रही है। मुझे यह बीमारी ना हो, इसके लिए मुझे क्या सावधानियां बरतनी चाहिए?**

**-शशिकांत, बिलासपुर**

इस तरह की बीमारी आनुवांशिक नहीं होती है कि परिवार में किसी को हुई है तो दूसरे को होगी ही। इसके बावजूद आप खान-पान पर ध्यान दें। कैंसर संबंधित कुछ सामान्य जांच होती हैं, इन्हें करवा सकते हैं। किसी भी प्रकार के कैंसर जैसे लक्षण दिखने पर जांच कराने में लापरवाही ना बरतें।

**मेरी उम्र 59 वर्ष है। सर्दी के मौसम में मेरी नाक से पानी निकलता रहता है। इससे बहुत परेशानी महसूस होती है, कृपया मेरी समस्या का समाधान बताएं?**

**-राजकुमार, रायपुर**

अधिक सर्दी होने से इस तरह की परेशानी काफी लोगों को होती है। इसके लिए आपको सर्दी से बचना होगा। साथ ही अपना खान-पान ऐसा करना होगा, जिससे कम तापमान में भी बॉडी बैलेंस कर सके। इसके लिए अपनी डाइट में गर्म तासीर वाले फूड्स अधिक मात्रा में लें।

**मेरी उम्र 43 वर्ष है। कुछ दिनों से मुझे बार-बार यूरीनेशन के लिए जाना पड़ता है। खान-पान और लाइफस्टाइल में कोई बदलाव नहीं किया है। ऐसा क्यों हो रहा है और मुझे क्या करना चाहिए?**

**-प्रकाश, रोहतक**

जिस तरह की समस्या आप बता रहे हैं, वह गर्मी के मुकाबले सर्दियों में काफी लोगों को होती है। आप इस बात पर गौर करें कि क्या आपको ऐसी समस्या हर बार सर्दियों में होती है? क्योंकि गर्मियों में शरीर से पसीना निकलता है, लेकिन सर्दियों में पसीना नहीं निकलता। इन दिनों कम पानी पीने के बाद भी यूरिनेशन बार-बार जाना आम है। इसके बाद भी कोई संदेह है तो आप जरूर एक बार यूरोलॉजिस्ट से संपर्क करें।

**मेरी उम्र 34 वर्ष है। कुछ दिनों से मुझे भूख नहीं लगती, थकान होती है, मुंह पर सूजन हो रही हैं। ये किस बीमारी के लक्षण हो सकते हैं, मुझे किस डॉक्टर को दिखाना चाहिए, कृपया बताएं?**

**-कुलदीप, भोपाल**

जैसा आप बता रहे हैं कि भूख नहीं लगती और थकान भी लग रही है, तो यह कई बीमारी की वजह से हो सकता है, मसलन शरीर में खून की कमी या टीबी होने पर भी ऐसे ही कुछ लक्षण दिखते हैं। बेहतर होगा कि आप किसी जनरल फिजिशियन संपर्क करें। डॉक्टर कुछ टेस्ट करवाएंगे, जिससे पता चलेगा कि कोई बीमारी है या नहीं? कोई बीमारी पता चली तो उसके बाद ही ट्रीटमेंट शुरू हो पाएगा।

**मेरी उम्र 27 वर्ष है। मैं यह जानना चाहता हूं कि सर्दियों में किन फलों का ज्यादा सेवन करना चाहिए और किसे अवॉयड करना चाहिए, कृपया बताएं?**

**-रचित,जबलपुर**

सर्दी के मौसम में आपको कफ कोल्ड ज्यादा होता है तो खट्टे फल खाने से बचें। अगर ऐसी समस्या नहीं होती है तो इस मौसम में संतरा, कीनू खाने चाहिए। इसके साथ ही अमरूद, पपीता और अनार भी खाए जा सकते हैं। केला खाने से जरूर बचना चाहिए इससे कफ कोल्ड हो सकता है।

**मेरी उम्र 61 वर्ष है। सर्दी से बचाव के लिए हीटर का यूज करना चाहता हूं लेकिन मुझे अस्थमा है। कुछ देर में ही घुटन महसूस होने लगती है। मुझे क्या करना चाहिए?**

**-जितेंद्र, दिल्ली**

आप बता रहे हैं कि आपको अस्थमा है, इसलिए आपको थोड़ी सावधानी बरतनी चाहिए। बाजार में ऑयल वाले हीटर भी उपलब्ध हैं, इनका इस्तेमाल कर सकते हैं। सीधा हीटर के संपर्क ना आएं। हीटर को कमरे के दूसरे कोने में रखें और आप दूर बैठें। इससे आपको कम परेशानी होगी। *

**प्रस्तुति : रिचा पांडे**

डॉक्टर्स एडवाइस

स्पेशलः वर्ल्ड कैंसर-डे, 4 फरवरी

वैसे तो कैंसर होने की कई वजहें हो सकती हैं। लेकिन गलत फूड हैबिट्स और लाइफस्टाइल संबंधी लापरवाही से कैंसर का रिस्क अब हर उम्र के लोगों में बढ़ने लगा है। वे कौन सी हैबिट्स हैं, जिनसे कैंसर रिस्क बढ़ता है और इससे बचने के लिए आपको किन बातों पर ध्यान देना चाहिए, यहां डिटेल में बता रहे हैं कुछ कैंसर स्पेशलिस्ट्स।

# बैड हैबिट्स और लापरवाही से बढ़ सकता है कैंसर का रिस्क







आज के बदलते दौर में हर चीज एडवांस, इफेक्टिव और ईजी टू यूज होती जा रही है, चाहे वो घरों में इस्तेमाल होने वाली प्लास्टिक के बोतल में पानी हो, मेयोनीज हो, टी बैग हो, ब्यूटी प्रोडक्ट्स हों या युवाओं में धूम्रपान को लेकर नए प्रयोग हों। लेकिन ऐसे कई बदलाव कैंसर के खतरे को बढ़ा रहे हैं। जानिए आज के बदलते दौर में किन कारणों से कैंसर होने की संभावना अधिक हो रही है।

## फूड आइटम्स-ईटिंग हैबिट्स

घरों में इस्तेमाल होने वाली किस तरह की चीजें, कैंसर के खतरे को बढ़ा रही हैं, इस बारे में पूछने पर एक्शन कैंसर हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-मेडिकल ऑन्कोलॉजी- **डॉ. जे.बी. शर्मा** बताते हैं, 'घरों में इस्तेमाल होने वाली ऐसे कई चीजें हैं, जिनसे कैंसर के खतरे की संभावनाएं बढ़ रही हैं, जैसे- प्लास्टिक की बोतल में रखा पानी पीना खतरनाक हो सकता है क्योंकि इसमें माइक्रो प्लास्टिक पाए जाते हैं। इस तरह कुछ लोग आजकल प्लास्टिक की थैली में पैक गर्म चाय लेकर पीते हैं, जबकि इसमें भी माइक्रो प्लास्टिक होता है, जिसकी आपके शरीर में जाने की संभावना होती है। वहीं, आजकल टी बैग के इस्तेमाल के कारण भी कैंसर होने की संभावना बनी रहती है। दरअसल, इसमें एपिक्लोरो हाइड्रिन नामक एक रसायन होता है, जो गर्म पानी में घुल जाता है और कैंसर का कारण बन सकता है। इसके अलावा आजकल की टेक्नोलॉजी में जहां आपके लिए चीजें आसान हो गई हैं, वहीं खतरे भी बढ़ गए हैं, जैसे- यदि आप ओवन में खाना गर्म करके खाते हैं, तो प्लास्टिक के बर्तनों आदि का इस्तेमाल ना करें, क्योंकि प्लास्टिक को गर्म करने पर इसमें से एंडोक्रिन डिस्ट्रक्टिंग नामक खतरनाक केमिकल निकलता है, जो खाने के साथ घुलकर शरीर में चला जाता है और कैंसर की आशंका को बढ़ाता है। इसके अलावा लोग घरों में खाना नॉनस्टिक बर्तन में पकाते हैं। अगर उसमें खाना जल जाए तो कभी ना खाएं, क्योंकि इसमें एक्रिलामाइड नामक केमिकल बनने लगता है, जो कैंसर का कारण बनता है। वहीं, मोमोज जैसे खाने पीने की चीजों में इस्तेमाल होने वाला वाइट कलर का मेयोनीज आजकल खूब पसंद किया जा रहा है, मगर इसमें मौजूद फूड एडिटिव्स की वजह से आपको कोलोरेक्टल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी होने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। साथ ही पिज्जा, बर्गर, हॉट डॉग, कार्बोनेटेड ड्रिंक्स, प्रोसेस्ड मीट, सॉसेज, पैकेज्ड फूड्स, रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट और अधिक मीठे खाद्य पदार्थों के सेवन से आपको कैंसर होने का ज्यादा खतरा होता है।'



## ब्यूटी प्रोडक्ट्स का यूज

महिलाओं और पुरुषों के द्वारा यूज किए जाने वाले कई लो क्वालिटी के ब्यूटी प्रोडक्ट्स कैंसर से संबंधित खतरा उत्पन्न कर सकते हैं। इस बारे में धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-मेडिकल ऑन्कोलॉजी- **डॉ. राजित चानना** बताते हैं, 'आजकल बालों को सिल्की करने के लिए कई प्रकार के केमिकल युक्त उत्पादों का प्रयोग किया जाता है, जिसमें फॉर्मेल्डिहाइड और फॉर्मेल्डिहाइड-रिलीजिंग रसायन होते हैं। हालांकि इनपर एफडीए का प्रतिबंध लगा हुआ है। लेकिन इस प्रकार के लो क्वालिटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल कैंसर के खतरे को बढ़ा सकता है। बालों को सीधा करने वाले इस प्रकार के कुछ उत्पादों के प्रयोग से अल्पकालीन और दीर्घकालीन गंभीर समस्याएं होने की संभावना बनी रहती है। फॉर्मेल्डिहाइड धुएं के संपर्क में आने से आंख, नाक और गले में जलन हो सकती है। साथ ही श्वसन समस्याएं भी हो सकती है। आगे चलकर कैंसर का भी जोखिम बढ़ जाता है। इसको लेकर 2022 के राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान द्वारा अध्ययन से भी कई संकेत मिलते हैं, जिनमें इन रसायनों के धुएं से महिलाओं में गर्भाशय कैंसर की अधिक संभावना को बताया गया है। इसलिए रोजमर्रा के उत्पादों में कार्सिनोजेनिक एजेंटों को पहचान कर उनका प्रयोग ना करना अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसी से आप संभावित कैंसर की समस्याओं से बच सकते हैं। इसी के साथ यह भी जरूरी है कि आप सुरक्षित हेयर प्रोडक्ट्स की पहचान करके उन्हीं का प्रयोग करें।'

## न्यू स्मोकिंग हैबिट्स

यंगस्टर्स में स्मोकिंग और इसके अलग-अलग तरह के नए शौक से कैंसर का खतरा भी बढ़ रहा है, इस बारे में पूछने पर नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम में सीनियर कंसल्टेंट एंड डायरेक्टर-मेडिकल ऑन्कोलॉजी- **डॉ. रणदीप सिंह** बताते हैं, 'स्मोकिंग और शराब का सेवन कैंसर कारक तो है ही। इसके साथ-साथ आजकल सिगरेट की लत छुड़ाने के लिए मार्केट में आई ई-सिगरेट, जो युवा वर्ग में काफी लोकप्रिय हो रही है, भी कैंसर के खतरे को तेजी से बढ़ा रही है। इसमें प्रयोग होने वाले केमिकल काफी खतरनाक होते हैं, जैसे- निकोटिन, फॉर्मेल्डिहाइड, टिन, निकिल, कॉपर, लेड, क्रोमियम, आर्सेनिक और डाई एसेटाइल मेटल जैसे पदार्थ क्वाइल में मिले होते हैं। दरअसल, ई-सिगरेट के वेपर को गर्म करने के लिए क्वाइल का इस्तेमाल होता है और इनसे लंग्स कैंसर का खतरा तेजी से बढ़ा है। साथ ही युवा वर्ग में फ्लेवर्ड हुक्का पीने का भी चलन तेजी से बढ़ा है, जिसमें कई खतरनाक केमिकल मिलकर फ्लेवर बनाए जाते हैं। याद रखें कि चाहे ई सिगरेट हो या फिर फ्लेवर्ड हुक्का, दोनों में खतरनाक केमिकल डाई एसिटाइल मिला होता है, जो आपकी सेहत के लिए घातक है। इनमें कुछ अन्य प्रकार के हानिकारक केमिकल भी हैं, जैसे-कार्बन मोनोऑक्साइड, कैडमियम, अमोनिया, रेडॉन (खतरनाक न्यूक्लियर गैस), मिथेन, चारकोल, एसिटोन आदि। ये केमिकल्स कैंसर के खतरे को बढ़ाते हैं।'



यहां बताई गई बातों से साबित होता है कि कैंसर से बचाव के लिए आपको अपनी डेली लाइफस्टाइल और फूड हैबिट्स पर ध्यान देना होगा। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

### भविष्य में बढ़ सकते हैं कैंसर के मामले

**वर्ल्ड कैंसर** रिसर्च फंड इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट के अनुसार साल 2020 में दुनिया भर में 18.1 मिलियन कैंसर के मामले थे। इनमें से 9.3 मिलियन मामले पुरुषों में और 8.8 मिलियन महिलाएं थीं। वहीं, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ की रिपोर्ट के अनुसार साल 2020 की तुलना में 2025 में कैंसर के मामलों में 12.8 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। *

अवेयरनेस

शिखर चंद जैन

न्यूट्रीशन से जुड़े बहुत से ऐसे मिथ प्रचलित हैं, जिनका सच्चाई से कोई लेना-देना नहीं होता है। इसलिए ऐसे मिथ्स और उनके फैक्ट के बारे में जरूर पता होना चाहिए।

# न्यूट्रीशन से जुड़े मिथ-फैक्ट कितने सच-कितने झूठ







आधी-अधूरी जानकारी के कारण आम लोगों में न्यूट्रीशन से जुड़े कई भ्रम फैले हुए हैं। दुनिया भर के हेल्थ एक्सपर्ट्स शोध और अध्ययनों के माध्यम से कई भ्रमों को दूर करते हुए उनकी वास्तविकता बताते रहते हैं।

**प्लांट प्रोटीन संपूर्ण नहीं :** अकसर शाकाहारियों को भ्रम होता है कि प्लांट बेस्ड फूड से शरीर के लिए जरूरी प्रोटीन की आपूर्ति नहीं हो पाती। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के न्यूट्रीशन साइंटिस्ट और मेडिकल मेडिसिन प्रोफेसर क्रिस्टोफर गार्डनर के अनुसार, 'यह एक मिथ है कि प्लांट्स में कुछ अमीनो एसिड होते ही नहीं। सच यह है कि सभी प्लांट बेस्ड फूड्स में सभी 20 प्रकार के अमीनो एसिड होते हैं। हां, इतना सा फर्क जरूर होता है कि एनिमल बेस्ड फूड की तरह इनमें अमीनो अम्लों का अनुपात आइडियल नहीं होता।'

**सोया फूड से ब्रेस्ट कैंसर का रिस्कः** सोया में प्लांट एस्ट्रोजेंस की हाई डोज होती है, जिसका नाम आइसोफ्लेवोंस है। जानवरों पर किए गए अध्ययन में पाया गया है कि इनके कारण उनमें ब्रेस्ट ट्यूमर सेल स्टिम्युलेट होती हैं। हार्वर्डटी एच चान स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ में न्यूट्रीशन डिपार्टमेंट के प्रमुख फ्रैंक बी हू बताते हैं, 'मनुष्यों पर किए गए अध्ययन में ऐसा कुछ नहीं पाया गया। इसकी बजाय यह जरूर पाया गया है कि सोया बेस्ड फूड और ड्रिंक, ब्रेस्ट कैंसर के रिस्क से सुरक्षा देते हैं और इन बीमारी के प्रति लाभकारी होते हैं। सोया फूड्स लाभकारी पोषक तत्वों के पावर हाउस होते हैं, हार्ट डिजीज का जोखिम भी कम करते हैं। इनमें उच्च गुणवत्ता वाले प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और मिनरल्स होते हैं।'

**बच्चों को मूंगफली ना खिलाएंः** बरसों से माता-पिता को सलाह दी जाती रही है कि बच्चों को कम उम्र में मूंगफली ना खिलाएं। लेकिन एलर्जी एक्सपर्ट्स के मुताबिक अगर बच्चों को कोई फूड एलर्जी, एक्जिमा आदि नहीं है तो मूंगफली खिला सकते हैं। शुरुआत पीनट बटर, पीनट पफ आदि से की जा सकती है। छोटे बच्चों को पानी एब्रेस्ट मिल्क या फॉर्मूला मिल्क में पीनट बटर मिलाकर हफ्ते में एक-दो बार दे सकते हैं। नॉर्थ वेस्टर्न यूनिवर्सिटी में सेंटर फॉर फूड एलर्जी एंड अस्थमा रिसर्च की निदेशक रुचि गुप्ता कहती हैं, 'बच्चे को एक्जिमा या कोई अन्य समस्या है तो चिकित्सक की सलाह लें। बच्चों को पहले साल में डायवर्स डाइट देकर फूड एलर्जी से बचाया जा सकता है।'

**डेयरी मिल्क से अच्छा प्लांट मिल्कः** अरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी की सस्टेनेबल फूड सिस्टम की प्रोफेसर कैथरीन मेरीगन कहती हैं, 'गाय के दूध के एक कप में 8 ग्राम प्रोटीन होता है, जबकि आलमंड मिल्क में मात्र एक-दो ग्राम और ओट मिल्क में मात्र दो-तीन ग्राम ही प्रोटीन होता है। इतना ही नहीं रेडीमेड प्लांट मिल्क में कई चीज ऐसी मिलाई जाती हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद नहीं होती हैं।'

**आलू नुकसानदायक हैः** आलू को कई लोग सेहत के लिए बुरा बताते हैं। इसकी वजह है इसका हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स यानी इसमें शीघ्र पाचन होने वाले कार्बोहाइड्रेट होते हैं, जो ब्लड शुगर लेवल बढ़ा सकते हैं। वैसे तो दुनिया की हर चीज किसी के लिए फायदेमंद और किसी के लिए नुकसानदायक हो सकती है। लेकिन आलू के सेवन से हेल्थ को कई लाभ भी मिलते हैं। यह कहना है जॉन हापकिंस यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञ और रिसर्चर डेफिन ऑल्टेमा जॉनसन का। वे आगे बताते हैं, 'आलू में विटामिन सी, पोटेशियम और फाइबर्स के साथ-साथ कई पोषक तत्व होते हैं। विशेष रूप से छिलका समेत इन्हें खाने से काफी लाभदायक होते हैं। हां, इन्हें तलने की बजाय भून कर, बेक करऔर उबालकर खाएं।' *

प्रिकॉशन

# मेनीक्योर हो सकता है हार्मफुल





आज के दौर में महिलाएं ही नहीं, कई पुरुष भी अपने हाथों का सौंदर्य निखारने के लिए मेनीक्योर करवाने लगे हैं। लेकिन कुछ बातों पर ध्यान ना दिया जाए तो इससे काफी नुकसान भी हो सकता है। अमेरिका के न्यूयॉर्क स्थित माउंट सिनाई हॉस्पिटल के डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. हर्बर्ट पी. गुडहर्ट और कोलंबिया यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर के डॉ. हैंड्रिक उइटेंडेल ने मेनीक्योर से होने वाले नुकसान के बारे में बताया है।

मेनीक्योर के पहले चरण में क्यूटिकल्स हटाए जाते हैं। इसके लिए कभी-कभी ऐसे सॉफ्टनर का इस्तेमाल किया जाता है, जिसमें तेज बेस नेचर के केमिकल्स होते हैं। इससे स्किन की प्रोटेक्टिंग लेयर किरेटिन नष्ट हो जाती है। क्यूटिकल्स हटाने से अंगुली के उस हिस्से में जलन और आस-पास स्थित ऊतकों (टिश्यूज) में इंफेक्शन हो सकता है। कभी-कभी यह इंफेक्शन फैलकर नाखूनों की जड़ तक पहुंच जाता है और नाखून सदा के लिए खराब हो सकते हैं। फ्रेंच मेनीक्योर के तहत वुडन पिक का इस्तेमाल किया जाता है। इससे भी इंफेक्शन हो सकता है। कुछ कॉस्मेटिक्स में प्वाइजनस एलर्जीकारक तत्व पाए जाते हैं, जिनमें टॉल्यूइन, फैटालेट्स, कैंफर और फॉर्मेल्डिहाइड शामिल हैं। इन तत्वों से युक्त नेल पॉलिश लगे नाखूनों वाली अंगुली को स्पर्श करके कोई आंखों को छूता या खुजलाता है, तो आंखों के आस-पास की स्किन चर्मरोग से प्रभावित हो सकती है। कई बार आटा गूंधने, सब्जी काटने, खाने आदि के कारण ये टॉक्सिक पदार्थ खाद्य सामग्री के माध्यम से पेट तक भी पहुंच जाते हैं।

अकसर महिलाएं अपने लंबे नाखूनों को टूटने से बचाने के लिए फाइबरयुक्त 'नेल हार्डनर्स' का प्रयोग करती हैं। इनपर डिजाइंस या नेल आर्ट चिपकाने के लिए 'एक्रिलिक ग्लू' का इस्तेमाल करती हैं। चिपकाने वाले पदार्थ एक्रिलिक ग्लू और नेल हार्डनर से एलर्जी होने की संभावना के साथ-साथ नेचुरल नेल्स को नुकसान पहुंच सकता है। डॉ. गुडहर्ट और डॉ. हैंड्रिक के अनुसार नाखूनों को उनके कुदरती रूप में ही रहने देना चाहिए। *

**-अंजू जैन**

# संगम नगरी प्रयागराज में आपको मंत्रमुग्ध कर सकती हैं ये जगहें, एक बार जरूर करें एक्सप्लोर



संगम नगरी प्रयागराज की खूबसूरती से भला कौन वाकिफ नहीं है। प्रयागराज भारत के सबसे पवित्र स्थानों में से एक है। यह शहर गंगा-यमुना नदियों के संगम पर बना है। भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के सबसे पुराने शहरों में प्रयागराज की गिनती होती है। इसी वजह से यह दुनिया भर के पर्यटकों का एक पॉपुलर डेस्टिनेशन है। यहां पर हर साल लाखों की संख्या में पर्यटक आते हैं। संगम नगरी प्रयागराज को ऐतिहासिक औ? धार्मिक नगरी माना जाता है। प्रयागराज में घूमने के लिए कई फेमस स्थान हैं।

## प्रयागराज का किला

इलाहाबाद का किला यहां पर देखने और घूमने के लिए सबसे बेहतरीन जगहों में से एक है। लगभग साल 1583 के आसपास में अकबर के शासनकाल के दौरान गंगा-यमुना नदी के किनारे स्थित प्रयागराज किला बनवाया गया था। इस किले की संरचना और वास्तुकला बेहद अद्भुत है। प्रयागराज में घूमने के लिए दुनिया भर के हजारों पर्यटकों के लिए प्रयागराज का किला एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। हर बार पूर्ण रूप कुंभ मेले के दौरान ही इस किले को पर्यटकों के लिए खोला जाता है।

## प्रयागराज म्यूजियम

इसके अलावा प्रयागराज में कई तरह के किले और म्यूजियम भी हैं। लेकिन अगर आप कला के शौकीन हैं, तो आपको प्रयागराज म्यूजियम एक्सप्लोर करना चाहिए। चंद्रशेखर आजाद पार्क के पास यह म्यूजिम है। जिसको देखने के लिए दूर-दूर से लोग यहां पहुंचते हैं। इस म्यूजियम में आपको भारत के इतिहास, संस्कृति, विरासत और स्वतंत्रता आंदोलन की झलक देखने को मिलेगी। इसके अलावा इस म्यूजियम में आपको राजस्थान से लघु चित्र, कौशाम्बी से टेराकोटा, रॉक मूर्तियां, बंगाल स्कूल ऑफ आर्ट से साहित्यिक और कलाकृति देखने को मिलेंगी। यह म्यूजियम भारतीय इतिहास का खजाना है।

## जवाहर तारामंडल

प्रयागराज के आनंद भवन के बगल में जवाहर तारामंडल स्थित है। इस तारामंडल को साल 1979 में बनाया गया था। बताया जाता है कि यहां पर विज्ञान और इतिहास का सही संगम आपको देखने को मिलेगा। जवाहर तारामंडल में जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल लेक्चर, अंतरिक्ष से जुड़े कई शो और मेहमानों के लिए सौर मंडल भी देखने को मिलेगा। जो भी लोग ग्रहों की चाल के बारे में जानना चाहते हैं, वह यहां पर होने वाले शो का हिस्सा बन सकते हैं।

## खुसरो बाग

प्रयागराज में खुसरो बाग सबसे फेमस पर्यटन स्थल है। खुसरो बाग का अपना एक अलग ऐतिहासिक महत्व है। बता दें कि खुसरो बाग की चारदीवारी मुगल वास्तुकला का एक विशाल नमूना पेश करता है। इस बाग में जहांगीर परिवार की तीन बलुआ पत्थर की कब्रें हैं। जिनमें उनकी पत्नी शाह बेगम, बेटा खुसरो मिर्जा और बेटी सुल्तान निहार बेगम की कब्रें हैं।

# वीजा फ्री एंट्री चाहिए तो इन देशों में घूम आइये

जो लोग नये साल की छुट्टियों में विदेश जाकर घूमने की योजना बना रहे हैं उनके लिए खुशखबरी यह है कि थाईलैंड, श्रीलंका और मलेशिया ने भारतीयों को वीजा फ्री प्रवेश देने का ऐलान कर दिया है। दरअसल भारतीय लोग बाहर घूमने-फिरने पर काफी खर्च करते हैं और हालिया आंकड़े दशार्ते हैं कि महामारी से उपजे हालात से प्रभावित हुए वैश्विक पर्यटन व्यवसाय को उबारने में भारतीय पर्यटकों की बड़ी भूमिका रही है। इसीलिए खासतौर पर भारत के पड़ोसी देशों में होड़ लगी है कि वीजा फ्री एंट्री देकर ज्यादा से ज्यादा भारतीयों को अपने देश में घूमने फिरने के लिए बुलाया जाये। लेकिन यहां पर्यटकों को एक बात समझने की जरूरत है कि वीजा फ्री का मतलब सब कुछ फ्री नहीं है। पहली अनिवार्यता तो पासपोर्ट की है और यह पासपोर्ट आपके वापस आने की तारीख से छह महीने ज्यादा समय तक वैध होना चाहिए। पासपोर्ट के अलावा आपको इन देशों में जाने के समय होटल की बुकिंग पहले करानी होगी।